Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
# घटती घटना
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022
अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -107 गुरूवार,16 फरवरी 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

चिराग लेकर ढूंढ़ने पर भी सद्गुण नहीं मिलते, उनको अपने भीतर पैदा करना पड़ता है।

-इमरसन-

## संक्षिप्त समाचार

### कोर्ट ने पूर्व मंत्री को आचार संहिता उल्लंघन का दोषी करार दिया

**पटना ,15 फरवरी 2023(ए)।** गोपालगंज की एमपी-एमएलए विशेष अदालत ने बुधवार को बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और भाजपा नेता जनक राम को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन का



दोषी करार दिया है। उनके सहयोगी तारकेश्वर नाथ शर्मा को भी इसी आरोप में दोषी ठहराया गया था। एमपी-एमएलए कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) एके मानवेंद्र मिश्रा ने प्रत्येक पर 1,100 रुपये का जुर्माना लगाया- एमसीसी के उल्लंघन के लिए 1000 रुपये और लाउडस्पीकर अधिनियम के तहत 100 रुपये।गोपालगंज में 2020 के विधानसभा चुनाव के दौरान जनक राम और तारकेश्वर नाथ शर्मा को उल्लंघन का दोषी ठहराया गया। फैसले के बाद दोनों ने उल्लंघन स्वीकार किया। इन्होंने कोर्ट के सामने माफी भी मांगी। जनक राम ने एसीजेपी से उन्हें उल्लंघन के लिए माफ करने का अनुरोध किया।

### ईडी ने शिवशंकर को किया गिरफ्तार



**कोच्चि ,15 फरवरी 2023(ए)।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को झटका देते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनके पूर्व प्रिंसिपल सेक्रेटरी एम. शिवशंकर को केरल बाढ़ राहत में कथित अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन निवारण मामले में गिरफ्तार कर लिया है। शिवशंकर को मंगलवार रात को गिरफ्तार किया गया और ईडी अब अदालत में पेश किए जाने पर उनकी हिरासत की मांग कर सकती है। वह 31 जनवरी को सेवानिवृत हो गए थे।

# बीबीसी दफ्तर पर आयकर विभाग का छापा




» कांग्रेस बोली-विनाश काले विपरीत बुद्धि,

» बीजेपी का पलटवार-पहले आईना देखो

**नई दिल्ली,15 फरवरी 2023(ए)।** बीबीसी दफ्तर पर आयकर विभाग (आईटी) की तलाशी अभियान के बाद कांग्रेस और भाजपा नेताओं के बीच जुबानी जंग छिड़ गई है। कांग्रेस ने जहां इसे अघोषित आपातकाल कहा है। तो वहीं, भाजपा ने कांग्रेस को आईना देखने की नसीहत दी है।

### बीबीसी पर आईटी की कार्रवाई अघोषित आपातकाल:कांग्रेस

कांग्रेस ने कहा कि बीबीसी पर आईटी की छापामारी अघोषित आपातकाल है। पार्टी नेता जयराम रमेश ने कहा कि यहां हम अदाणी के मामले में जेपीसी की मांग कर रहे हैं और वहां सरकार बीबीसी के पीछे पड़ी हुई है। 'विनाशकाले विपरीत बुद्धि'।

### भाजपा ने किया पलटवार

कांग्रेस के हमलों के बाद भाजपा सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौर ने पलटवार किया है। राठौर ने कहा कि ऐसा लगता है अंग्रेजों ने 1947 में भारत छोड़ने के बाद बीबीसी के विघटनकारी एजेंडे को देश में आगे बढ़ाने का काम कांग्रेस को सौंप दिया था। खैर, आपातकाल और प्रेस की आजादी की बात करने वालों को आईना जरूर देखना चाहिए।

### बीबीसी के दिल्ली-मुंबई दफ्तर पर तलाशी

गौरतलब है कि आईटी अधिकारी बीबीसी के दिल्ली और मुंबई स्थित दफ्तर पर तलाशी ले रहे हैं। आईटी अधिकारी कर चोरी की जांच के सिलसिले में तलाशी ले रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि कंपनी के बिजनेस ऑपरेशन्स से जुड़े कागजातों की जांच की जा रही है।

### मोबाइल फोन,लैपटॉप जब्त

एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि आईटी अधिकारी बीबीसी के वित्त विभाग के खाते में कुछ दस्तावेजों का सत्यापन कर रहे हैं। विभाग ने खाते, वित्त विभाग के लोगों के कुछ मोबाइल फोन, लैपटॉप-डेस्कटॉप जब्त किए हैं। अधिकारी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का बैकअप लेंगे फिर इसे वापस सौंप देंगे।

# आजम खान को एक और बड़ा झटका

### बेटे अब्दुल्ला आजम की विधानसभा सदस्यता रद्द

**लखनऊ,15 फरवरी 2023 (ए)।** सपा नेता मोहम्मद आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम को मुरादाबाद में 15 साल पुराने एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद उत्तर प्रदेश विधानसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया है।

उनके कब्जे वाली स्वार विधानसभा सीट को खाली घोषित कर दिया गया है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम उन अपराधों को सूचीबद्ध करता है जो विधायकों की अयोग्यता का कारण बन सकते हैं और यह भी बताता है कि किसी को भी दो साल या उससे अधिक के कारावास की सजा सुनाई गई है, उसे इस तरह की सजा की तारीख से अयोग्य घोषित किया जाएगा और जेल में समय काटने के बाद और छह साल के लिए अयोग्य रहेंगे।



सोमवार को मुरादाबाद की एक अदालत ने 2008 के मामले में समाजवादी पार्टी के नेता अब्दुल्ला आजम खान और उनके पिता आजम खान को जेल की सजा सुनाई थी।

उन पर 29 जनवरी, 2008 को एक राज्य राजमार्ग पर धरने पर बैठने का आरोप लगाया गया था, क्योंकि 31 दिसंबर, 2007 को रामपुर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के शिविर पर हमले के मद्देनजर पुलिस ने उनके काफिले को चेकिंग के लिए रोक दिया था।

हालांकि कोर्ट ने दोनों को जमानत दे दी है। अब्दुल्ला आजम खान और उनके पिता पर धारा 353 (लोक सेवक को अपने कर्तव्य के निर्वहन से रोकने के लिए आपराधिक बल) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के अन्य प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था।

पिछले साल अक्तूबर में, रामपुर सदर विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले आजम खान को एक अदालत द्वारा अभद्र भाषा के मामले में तीन साल की जेल की सजा सुनाए जाने के बाद अयोग्यता का सामना करना पड़ा था।

पिछले साल दिसंबर में इस सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा के आकाश सक्सेना ने आजम खान के करीबी आसिम रजा को हराया था। आजम खान 1980 के बाद से 9 बार रामपुर सदर सीट से जीत चुके हैं।




## अदानी-हिंडनबर्ग मुद्दे पर विचार करने के लिए सुप्रीमकोर्ट सहमत

**नई दिल्ली,15 फरवरी 2023(ए)।** सुप्रीम कोर्ट हिंडनबर्ग रिपोर्ट के मद्देनजर अदानी समूह की कंपनियों के खिलाफ जांच की मांग करने वाली एक कांग्रेस नेता की याचिका पर विचार करने के लिए बुधवार को सहमत हो गया। कोर्ट ने साथ ही जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और एसबीआई द्वारा सार्वजनिक उपक्रमों के एफपीओ में भारी मात्रा में सार्वजनिक धन का निवेश करने की भूमिका की जांच करने पर भी सहमति जताई। कांग्रेस नेता जया ठाकुर का प्रतिनिधित्व करने वाले एक वकील ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए याचिका लगाई।

पीठ ने पहले कहा कि वह 24 फरवरी को सुनवाई करेगी लेकिन वकील ने जोर देकर कहा कि मामले से संबंधित दो अन्य जनहित याचिकाएं 17 फरवरी को सूचीबद्ध हैं। पीठ ने इस मामले की सुनवाई के लिए फिर 17 फरवरी यानि शुक्रवार की तारीख तय कर दी।

ठाकुर द्वारा अधिवक्ता वरिंदर कुमार शर्मा के माध्यम से दायर याचिका में शीर्ष अदालत से अदानी समूह की कंपनियों के खिलाफ जांच का निर्देश देने का आग्रह किया गया है। शीर्ष अदालत के सिटिंग जज की देखरेख और निगरानी में विभिन्न जांच एजेंसियों यानी सीबीआई, ईडी, डीआरआई, सीबीडीटी, ईआईबी, एनसीबी, सेबी, आरबीआई, एसएफआईओ द्वारा जनता के करोड़ों रुपये और सरकारी खजाने के धन की ठगी की जांच की मांग की गई है।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट के संबंध में अधिवक्ता विशाल तिवारी और एम.एल. शर्मा द्वारा दायर याचिकाओं पर शीर्ष अदालत पहले से ही विचार कर रही है।

## आरोपी ने कहा,माकपा के इशारे पर किया अपराध

**तिरुवनंतपुरम ,15 फरवरी 2023(ए)।** केरल में कन्नूर युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शुएब हत्याकांड के मुख्य आरोपी आकाश थिलेनकरी ने बुधवार को कहा कि उसने माकपा के इशारे पर अपराध किया था। सोशल मीडिया में उनकी पोस्ट एक स्थानीय युवा माकपा नेता की पोस्ट पर आई। थिलेनकरी ने आगे लिखा कि एदयन्नूर में पार्टी के स्थानीय नेताओं ने उन्हें उकसाया था।



हालांकि ऐसे सभी नेताओं को अब सहकारी संस्थाओं में सुरक्षित नौकरी मिल गई है, लेकिन उन्हें कोई तवज्जो नहीं मिली। आगे उसने लिखा- पार्टी की उदासीनता और समर्थन की कमी ने उन्हें अन्य अवैध गतिविधियों में शामिल होने के लिए मजबूर किया।

उन्होंने नोट का अंत यह कहते हुए किया कि अगर उन्होंने अपना मुंह खोला तो माकपा के कई लोगों को मुसीबत हो जाएगी।

उनके आरोपों का जवाब देते हुए, माकपा की युवा शाखा ने थिलेनकरी पर उन्हें बदनाम करने की कोशिश करने का आरोप लगाया, जबकि शुएब के पिता ने कहा कि अब वह अपराध के पीछे नेताओं के नाम जानना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, हम यह भी जानना चाहते हैं कि मेरे बेटे को क्यों मारा गया और अब जब पहला भाग आ गया है, हम दूसरा भाग जानना चाहते हैं, क्यों और किस नेता के कहने पर मेरे बेटे को मार दिया गया।

## कोयंबटूर ब्लास्ट केस में एनआईए का 3 राज्यों में बड़ा एक्शन

### 60 अलग-अलग जगहों पर छापेमारी

**चेन्नई ,15 फरवरी 2023(ए)।** तमिलनाडु के कोयंबटूर में कार सिलेंडर ब्लास्ट केस में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में छापेमारी की है। एजेंसी ने 60 से अधिक ठिकानों पर एकसाथ छापेमारी की है। बताया गया है कि एजेंसी ने यह छापा आतंकी संगठन आईएसआईएस से संबंध रखने वाले संदिग्धों को पकड़ने के सिलसिले में डाला है। कोयंबटूर में दिवाली के दिन पूर्व एक मंदिर के बाहर हुए कार बम धमाके को लेकर एनआईए लगातार जांच कर रही है। कार बम धमाके में कथित 'मानव बम' जमीशा मुबिन (29) की मौत हो चुकी है। कार में एलपीजी सिलेंडर फटा था। घटनास्थल से कीलें व कंचे व छर्रे मिले थे। इन्हें लेकर दावा किया गया कि ये सिलेंडर में भरने के बाद धमाके की बड़ी साजिश रची गई थी, लेकिन वह विफल रही। ये धमाका 23 अक्तूबर को अल सुबह हुआ था।




यह धमाका मारुति 800 कार में हुआ था। एलपीजी सिलेंडर के बाद मुबिन संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर मर गया था। पुलिस के अनुसार मुबिन एक इंजीनियरिंग ग्रेजुएट था। उससे 2019 में एनआईए के अधिकारियों ने आतंकी संपर्कों को लेकर पूछताछ की थी। उसका नाम इस धमाके के मुख्य आरोपियों में नामजद किया गया है।



## प्यार का एक और दर्दनाक अंत

### किशोरी के प्राइवेट पार्ट में लोहे का रॉड डालकर हत्या

**रांची ,15 फरवरी 2023 (ए)।** वैलेंटाइन डे के ठीक पहले झारखंड के गढ़वा में एक 17 वर्षीय किशोरी के साथ उसके प्रेमी ने ऐसी बर्बरता के साथ मौत के घाट उतार दिया, जिसने हर किसी को दहलाकर रख दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने लड़की से रेप के बाद उसके प्राइवेट पार्ट में लोहे का रॉड डालकर उसकी हत्या कर दी। वारदात गढ़वा जिले के केतार थाना अंतर्गत अजनिया गांव का है।

लड़की का शव उसके प्रेमी के घर से थोड़ी दूर एक खेत से बरामद किया गया। बताया गया कि दोनों के बीच पिछले कुछ अरसे से प्रेम प्रसंग चल रहा था। तीन-चार दिन पहले युवक ने लड़की के साथ अपनी फोटो फेसबुक पर पोस्ट की थी। इसका परिजनों ने विरोध किया था।

इस बीच रविवार की रात लड़की अपने घर वालों को बताए बगैर चुपके से लड़के के पास चली गई। घर वालों का कहना है कि वह कैसे और कैसे घर से निकली, इसका उन्हें पता भी नहीं चला। अहले सुबह जब उसकी लाश गांव के लोगों ने खेत में देखी तो यह खबर पूरे इलाके में फैली और वहां सैकड़ों लोग जुट गए। लोगों ने संदेह होने पर उसके प्रेमी की तलाश की, तो वह घर से फरार मिला।

मृतका के परिजनों ने केतार थाना में उसके कथित प्रेमी के विरुद्ध हत्या को लेकर एफआईआर करायी है। इस वारदात को लेकर गांव में गुस्से का उबाल है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। भारी गम और गुस्से के बीच उसका अंतिम संस्कार किया गया।

पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने कहा कि आरोपी के मोबाइल लोकेशन के आधार पर गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

## दूसरे दिन बीबीसी ऑफिस के बाहर हिंदू सेना का उग्र विरोध-प्रदर्शन

**नई दिल्ली,15 फरवरी 2023(ए)।** दूसरे दिन हिंदू सेना ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बीबीसी दफ्तर के बाहर उग्र विरोध प्रदर्शन किया। विरोध के मद्देनजर सरकार ने दफ्तर के बाहर सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया। बुधवार को जैसे ही हिंदू सेना के प्रदर्शनकारियों ने बीबीसी कार्यालय का रुख किया, दफ्तर के बाहत तैनात पुलिस बलों ने बैनर और तख्तियां जब्त कर प्रदर्शनकारियों को काबू में किया।



प्रदर्शनकारी ब्रिटिश ब्रॉडकास्टर-बीबीसी के खिलाफ नारेबाजी करते भी सुने गए। इसके बाद बीबीसी दिल्ली कार्यालय के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के कई जवानों को बीबीसी कार्यालय के बाहर तैनात किया गया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक हिंदू सेना के सदस्यों के एक समूह ने बुधवार को बीबीसी इंडिया के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। नई दिल्ली के कस्तूरबा गांधी रोड में बीबीसी कार्यालय के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के कई जवानों को एचटी हाउस के बाहर तैनात किया गया। इसी बिल्डिंग में बीबीसी इंडिया के कार्यालय हैं।

आयकर विभाग के अधिकारी दूसरे दिन भी सर्वेक्षण करने पहुंचे। इसी बीच हिंदू सेना के प्रदर्शनकारियों ने बीबीसी कार्यालय के बाहर %बीबीसी भारत छोड़ो% के नारे लगाए। दिल्ली और मुंबई में बीबीसी के कई कार्यालयों में आयकर विभाग के दूसरे दिन के सर्वेक्षण अभियान पर इंडिया टुडे की रिपोर्ट में कहा गया, समझा जाता है कि अधिकारी संगठन के इलेक्ट्रॉनिक और पेपर-आधारित वित्तीय डेटा की प्रतियां बना रहे हैं।

भारत में ब्रिटिश ब्रॉडकास्टर के खिलाफ कथित कर चोरी की जांच के तहत सर्वेक्षण किए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टैक्स अधिकारी बीबीसी के वित्त और कुछ अन्य विभागों के कर्मचारियों से बात कर रहे हैं। इनकम टैक्स विभाग के सूत्रों ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि ऑपरेशन के हिस्से के रूप में कुछ कंप्यूटर उपकरणों और मोबाइल फोन का क्लोन बनाया गया।

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने बीबीसी पर ÷जहरीली रिपोर्टिंग÷ का आरोप लगाया है। इसी बीच आयकर विभाग की कार्रवाई और टाइमिंग पर कई विपक्षी दलों ने सवाल खड़े किए हैं। विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया है कि बीबीसी पर कार्रवाई इसलिए हुई है क्योंकि इस संस्था ने कुछ हफ्तों पहले ही दो-भाग वाली डॉक्यूमेंट्री - ÷इंडिया- द मोदी क्वेश्चन÷ रिलीज की है। बता दें कि करीब 21 साल पहले 2002 में गुजरात में गोधरा दंगों के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली गुजरात सरकार की भूमिका पर प्रकाश डाला गया है।

## निक्की हत्याकांड की जांच श्रद्धा मर्डर केस की तर्ज पर करेगी दिल्ली पुलिस

**नई दिल्ली,15 फरवरी 2023(ए)।** हरियाणा की रहने वाली निक्की यादव की हत्या से पहले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। निक्की की हत्या से कुछ घंटे पहले 9 फरवरी का यह वीडियो है। वीडियो में निक्की साउथ वेस्ट दिल्ली के स्थित अपने किराए के घर में जाती हुई नजर आ रही है। बता दें कि निक्की यादव की उसके बॉयफ्रेंड साहिल गहलौत ने मोबाइल चार्जिंग केबल से गला घोंटकर कर हत्या कर दी।



### हत्या के बाद शव को छिपाया

हत्या के बाद निक्की के बॉयफ्रेंड साहिल ने उसका शव मित्राऊं गांव के पास अपने ढाबे की फ्रिज में छिपा दिया था। मंगलवार को निक्की की बॉडी ढाबे की फ्रिज से बरामद की गई। इसके बाद बुधवार को पोस्टमार्टम के लिए राव तुलाराम मेमोरियल अस्पताल से दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पोस्टमार्टम में खुलासा हुआ कि निक्की की गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी।

### शरीर पर नहीं मिले चोट के निशान

उसकी गर्दन पर चोट के निशान थे और शरीर पर चोट के अन्य कोई निशान नहीं पाए गए। डॉक्टरों के मुताबिक फ्रिज में शव के रहने के कारण मौत का सही समय बता पाना मुश्किल है, क्योंकि फ्रिज में कोई प्राकृतिक प्रक्रिया नहीं होती है। विसरा रिपोर्ट सुरक्षित रख ली गई है। पुलिस सूत्रों ने आगे बताया कि श्रद्धा हत्याकांड की तर्ज पर दिल्ली पुलिस जांच करेगी। फोरेंसिक जांच के आधार पर सबूत जुटाए जा रहे हैं।

# संपादकीय

## नए राज्यपालों पर विपक्ष की नजर

गैर भाजपा दलों के शासन वाले जिन राज्यों में राज्यपालों से सरकार का टकराव चल रहा था उनमें से कई राज्यों में राज्यपाल बदल गए हैं। हालांकि तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना में राज्यपाल नहीं बदले हैं, जहां राज्य सरकार और राजभवन में सर्वाधिक टकराव है। लेकिन बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ में राज्यपालों के बदले जाने का भी बड़ा संकेत है। महाराष्ट्र में भाजपा की सरकार है लेकिन वहां भी राज्यपाल बदले जाने का जश्न मनाया जा रहा है क्योंकि भाजपा और एकनाथ शिंदे गुट की सरकार के साथ साथ दोनों पार्टियों के नेता राज्यपाल के विवादित बयानों से चिंता में थे और उनको लग रहा था कि राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी दोनों पार्टियों को बड़ा नुकसान पहुंचा रहे हैं।

विपक्षी शासन वाले राज्यों में सत्तारूढ़ दल के नेताओं को उम्मीद है कि नए राज्यपाल से उनको राहत मिलेगी। झारखंड के एक नेता ने कहा कि जिस तरह पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार को राहत मिली है वैसी राहत मिल जाए तो काम आसान हो जाएगा। गौरतलब है कि जगदीप धनखड़ जब तक पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे तब तक ममता बनर्जी सरकार को बड़ी मुश्किल हुई। राजभवन से लगातार सरकार को कठघरे में खड़ा किया। लेकिन जब से सीवी आनंदा बोस राज्यपाल होकर गए हैं तब से पश्चिम बंगाल में शांति है। क्या ऐसी शांति झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों रहेगी?

बिहार में राज्यपाल फागू चौहान और बिहार सरकार के बीच कई मुद्दों पर बड़ा टकराव रहा। खास कर विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर। आरोप लगे थे कि राज्यपाल पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों को लाकर भर रहे हैं। बाद में राज्य सरकार ने कुलपतियों की नियुक्ति के नियम बदले। नए बनने वाले विश्वविद्यालयों के लिए ऐसे नियम बनाए गए, जिनसे कुलपतियों की नियुक्ति में राजभवन की भूमिका समाप्त हो गई।

छत्तीसगढ़ और झारखंड में एक जैसा विवाद है। दोनों राज्यों में विधानसभा से पास किए गए विधेयक मंजूरी के लिए राज्यपाल के पास लंबित हैं। छत्तीसगढ़ में तो मामला अदालत में पहुंच गया। राज्य सरकार ने आरक्षण की सीमा बढ़ाने का बिल पास किया है। राज्य में आरक्षण की सीमा बढ़ा कर 76 फीसदी की गई है। इसका बिल राज्यपाल के पास लंबित है। दिसंबर में मंजूरी के लिए भेजे गए बिल पर राज्यपाल की स्वीकृति नहीं मिलने पर सरकार हाई कोर्ट में गई है, जहां राजभवन की ओर से कहा गया है कि किसी भी मामले में राष्ट्रपति और राज्यपाल को अदालत में पक्षकार नहीं बनाया जा सकता है। छत्तीसगढ़ में इस साल चुनाव हैं इसलिए राज्य सरकार जल्दी से जल्दी बढ़ा हुआ आरक्षण लागू करना चाहती है। इसी तरह का मामला झारखंड में भी है। वहां भी स्थानीयता कानून विधानसभा से पास हुआ है, जिसमें 1932 के खतियान वालों को मूलवासी मानने का प्रावधान है पर राज्यपाल ने बिल नहीं मंजूर किया। यहां तक वित्त विधेयक भी वापस लौटा दिया। दोनों राज्यों में सत्तारूढ़ दल उम्मीद कर रहे हैं कि नए राज्यपाल के आने से शायद स्थिति सुधरे।

# पशु चिकित्सा को चिकित्सा की जरूरत

सूदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं को पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाना बहुत जरूरी है। इसके साथ ही नये पशु अस्पतालों का निर्माण और उनमें आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता,हर पशु का बीमा, खण्ड स्तर पर पशु धन मेलों का आयोजन और पालकों को हरसंभव मदद मुहैया करवाकर उन्हें दूध का सही दाम मिलना जरूरी है।दुग्ध क्रांति सफल हो भी कैसे, क्योंकि प्रदेश के लगभग सात हजार गांव, ढाणी, कस्बों और शहरों में से केवल आधे से भी कम गांव में पशु अस्पताल खोले गए हैं। प्रदेश का बहुत बड़ा क्षेत्र अब भी ऐसा है जहां पशु चिकित्सा हेतु कोई पशु अस्पताल नहीं है। इसके अतिरिक्त यदि रात्रि समय कोई पशु बीमार पड़े तो उसका इलाज कहां कराएं, यह पशुपालकों की गंभीर समस्या है।

हरियाणा सरकार द्वारा पशुपालकों के लिए पशु धन किसान क्रेडिट कार्ड योजना पशु खरीदने की बनाई गई योजना सराहनीय है। मगर इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि आजकल घरों की बजाय अधिकतर गाय सडक़ों, गली और गांवों में आवारा घूमती दिखाई दे रही हैं।इसका प्रमुख कारण है गोवंश की कृषि कार्यों में उपयोगिता कम होना और सरकार द्वारा पशु मेलों पर रोक लगाना। प्रदेश में दुग्ध क्रांति लाए जाने को लेकर सरकार करोड़ों रुपयों का बजट खर्च करने के बावजूद फिलहाल सफल नहीं हो पाई हैं। नतीजतन आज भी लोग केमिकल युक्त पैकेट बंद दूध व दूध से बने पदार्थ घरों में उपयोग करने के लिए मजबूर हैं। पशुपालकों को दूध का सही दाम कभी मिला नहीं। पशुपालन लगातार महंगा होता जा रहा है। दुधारू पशुओं के बांझ बनने पर लोग उन्हें आवारा घूमने के लिए छोड़ देते हैं।सरकार ने सूअर पालन के साथ भेड़ बकरी पालन और गायों के लिए गोशालाओं का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन ये कदम पर्याप्त नहीं हैं। दुग्ध क्रांति सफल हो भी कैसे, क्योंकि प्रदेश के लगभग सात हजार गांव, ढाणी, कस्बों और शहरों में से केवल आधे से भी कम गांव में पशु अस्पताल खोले गए हैं। प्रदेश का बहुत बड़ा क्षेत्र अब भी ऐसा है जहां पशु चिकित्सा हेतु कोई पशु अस्पताल नहीं है। इसके अतिरिक्त यदि रात्रि समय कोई पशु बीमार पड़े तो उसका इलाज कहां कराएं, यह पशुपालकों की गंभीर समस्या है। पशु चिकित्सालयों में चिकित्सकों और वीएलडीए के पद खाली पड़े हैं जिन्हें भरा नहीं जा रहा है। ऐसे में पशु पालकों को सही सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।सर्पदंश और बिजली करंट से किसी दुधारू पशु की मौत पर चिकित्सक पशु पालक को आर्थिक मदद मिलने की संस्तुति करते हैं।



अगर किसी गर्भवती दुधारू पशु की मौत गंभीर बीमारी से होने पर पशु चिकित्सक ऐसी कोई रिपोर्ट तैयार नहीं करते हैं, ऐसे में पशु पालकों को हजारों रुपये का नुकसान उठाना पड़ता है। वर्तमान दौर में सरकार की ओर से पशुपालकों को ऐसी कोई भी सुविधा फिलहाल उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है।वैटरनरी सर्जन को चूंकि नॉन प्रैक्टिस अलाउंस मूल वेतन में जोड़कर दिया जाता है इसलिए उनका वेतन लाखों में है जबकि वीएलडीए सहित अन्य कर्मचारियों को मिलने वाला वेतनमान ऊंट के मुंह में जीरा डालने वाली बात है। पशु पालकों को जब भी ऐसे स्टाफ को अपने बीमार मवेशियों की जांच करने के लिए घर बुलाना पड़ता है, तब उन्हें अपनी जेब ढीली करनी पड़ती है। पशु चिकित्सालयों में बहुत कम दवाइयां उपलब्ध रहने की वजह से पशुपालकों को मेडिकल स्टोरों से महंगी दवाएं खरीदनी पड़ती हैं। एक तो दवाईयों की खरीददारी, ऊपर से स्टाफ को भी पैसे देने पड़ते हैं। ऐसे में पशु पालकों को सरकार की तरफ से कौनसी सुविधाएं मिल रही हैं, जिससे दुग्ध क्रांति प्रदेश में लाई जा सके। राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान योजना के तहत पशुपालकों को घर-द्वार पर ही निशुल्क गर्भधारण की सुविधा दी गई है। इसके तहत पशुओं को टैग लगाए जाते हैं। कहने का मतलब है कि दुधारू पशुओं के कानों में यह टैग लगाकर उनका ऑनलाइन पंजीकरण भी किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता और उत्तम नस्ल की संतति करके दुग्ध उत्पादन में बढ़ोतरी की जा सके। प्रत्येक जिला के पशुपालकों को प्रजनन योग्य गाय और भैंस को उत्तम नस्ल के वीर्य गुणों की मदद से निशुल्क गर्भधारण की सुविधा दिए जाने का लक्ष्य सरकार ने रखा है।

सरकार द्वारा वीएलडी डिप्लोमा कोर्स हेतु निजी संस्थानों को मान्यता प्रदान की जा रही है जहां से प्रति वर्ष हजारों डिप्लोमा धारक कोर्स करके निकलते हैं लेकिन इन डिप्लोमा धारकों के डिप्लोमा के पंजीकरण और संचालन हेतु कोई परिषद का गठन न होने से इनको बड़ी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन को पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए यह बहुत जरूरी है। इसके साथ ही नये पशु अस्पतालों का निर्माण और उनमें आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति, आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता,हर पशु का बीमा, खण्ड स्तर पर पशु धन मेलों का आयोजन और पालकों को हरसंभव मदद मुहैया करवाकर उन्हें दूध का सही दाम मिलना जरूरी है। किसानों, पशुपालकों की सुविधाओं के लिए पूर्व वर्षों में कृषि मेलों का आयोजन किया जाता था। मेलों में पशु पालकों को सब्सिडी पर दुधारू पशु दिए जाते थे। पशु चिकित्सालयों में औजार, कृषि बीज, दवाइयां और उर्वरक दिए जाते थे। वर्तमान समय में ऐसा बहुत कम देखने को मिल रहा है। पशु चिकित्सालयों में पशुपालकों को सुविधाएं नहीं मिलने की वजह से लोग पशुपालन से विमुख हो रहे हैं। हरियाणा जैसे राज्य, जहां बेरोजगारी की बड़ी समस्या है, में पशुपालन रोजगार का बड़ा साधन है। इसलिए इस बार के बजट में इसके लिए अलग प्रावधान होना चाहिए।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



प्रियंका सौरभ
हिसार
हरियाणा

# पूर्वोत्तर में चुनाव : कैसी इबारत लिखेगी जनता

साल 2023 भारत के लिए चुनाव के लिहाज से बेहद अलग होगा। 9 राज्यों के चुनाव होने हैं।

तीन राज्यों में घोषणा के साथ शंखनाद हो चुका है। पूर्वोत्तर के राज्य त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड में चुनावी ऐलान के साथ राजनीतिक दलों की सक्रियता बढ़ गई है। जिन तीनों राज्यों में चुनाव हैं; सभी में 60-60 सीटें हैं।

विधानसभा के लिहाज से नगालैंड का 12 मार्च, मेघालय का 15 मार्च और त्रिपुरा का 22 मार्च को कार्यकाल समाप्त हो रहा है। वहीं त्रिपुरा में 16 फरवरी को जबकि नगालैंड-मेघालय में 27 फरवरी को एक-एक चरण में मतदान होगा। नतीजे 2 मार्च को आएंगे। त्रिपुरा में अब 50 साल से ज्यादा पुराने धुर विरोधी यानी सीपीएम जो 35 साल और कांग्रेस जो 18 साल सत्ता में रहने के बाद अब गठबंधन को मजबूर हैं।

वहीं 2018 में शून्य से शिखर तक पहुंची भाजपा की राहें भी उतनी आसान नहीं दिखती क्योंकि जिस इंडीजेनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा यानी आईपीएफटी के साथ गठबंधन कर सत्ता में पहुंची थी उसकी मंशा पर भरोसा नहीं है। एक ओर जहां बीजेपी-आईपीएफटी गठबंधन जारी रहने की बात हो रही है, लेकिन एक अन्य क्षेत्रीय पार्टी 'टिपरा मोथा' ने 2021 में 'त्रिपुरा ट्राइबल ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट काउंसिल' (टीटीओडीसी) चुनाव में 'ग्रेटर टिपरालैंड' की मांग के साथ सफलतापूर्वक जीत हासिल कर अपनी अहमियत दिखा दी, जिससे सियासी जमीन काफी मजबूत हुई।

अब, आईपीएफटी टिपरालैंड नाम से अलग राज्य की मांग कर सियासी ताकत बढ़ा रहा है। दोनों की मांग कमोबेश एक सी हैं इसीलिए कवायद दोनों को एकजुट रखने की है, लेकिन टिपरा मोथा प्रमुख प्रद्योत देब बर्मा की त्रिपुरा की राजनीति में नया विकल्प बनने की चाहत संबंधी कुछ इशारों से भाजपा की चिंता बढ़ गई है। त्रिपुरा का सियासी दंगल बेहद दिलचस्प होता दिख रहा है।




मेघालय में 2018 में नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) 20 और भाजपा ने 2 सीट जीत गठबंधन सरकार बनी। कांग्रेस 21 सीट जीत सबसे बड़ी पार्टी बनकर भी सत्ता तक नहीं पहुंच सकी। यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी यानी यूडीपी को 8, पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट यानी पीडीएफ को 2 सीटें मिली। एनपीपी के कोनराड संगमा मुख्यमंत्री बने, लेकिन चुनाव पूर्व जोरदार राजनीतिक उथल-पुथल जारी है। अब एनपीपी-भाजपा के बीच दरार की बातें सुनाई दे रही हैं। थोड़ा पहले एनपीपी के दो, तृणमूल कांग्रेस के एक और एक निर्दलीय यानी 4 विधायक भाजपा में चले गए जबकि कांग्रेस के 12 विधायकों ने तृणमूल का दामन थामा तो कुछ एनपीपी में चले गए जिससे 2 कांग्रेसी विधायक ही बचे हैं उनके भी दलबदल की चर्चा है। इससे सियासी समीकरण गड़बड़ा गया। संभावना है कि एनपीपी और भाजपा दोनों अलग-अलग चुनाव लड़ें। यहां भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी जैसी राष्ट्रीय पार्टियों के अलावा तमाम क्षेत्रीय दल भी ताल ठोक रहे हैं। फिलहाल नेशनल पीपुल्स पार्टी, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी, पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट, हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, गारो नेशनल काउंसिल, खुन हैन्नीवट्रेप राष्ट्रीय जागृति आंदोलन, नार्थ ईस्ट सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी, मेघालय डेमोक्रेटिक पार्टी भी चुनाव में सक्रिय है। यहां 36 सीटों में महिलाओं की जनसंख्या पुरु षों से अधिक है, लेकिन राजनीति में महिलाओं की मौजूदगी ना के बराबर है। हो सकता है इस बार यह भी मुद्दा बने।

नगालैंड में तो अनोखी सरकार है। विपक्ष है ही नहीं। सभी ने मिलकर सरकार बना डाली और चलाई, लेकिन वहां की मूल समस्या पर प्रभावी कुछ न होना अब चुनावी रण में चिंता का विषय है। वैसे भी अपनी अलग तरह की राजनीति को लेकर नागालैंड सुर्खियों में रहता है। इसके बावजूद पक्ष-विपक्ष दोनों मतदाताओं के लिए खास हैं क्योंकि विपक्ष है ही नहीं! इस बार मतदाताओं के विवेक की अग्निपरीक्षा है। नई सरकार के लिए नये-पुराने गठबंधन की फिक्र सभी को सता रही है। जहां भाजपा एनडीपीपी के साथ गठबंधन करेगी तो राष्ट्रीय जनता दल ने कई सीटों पर चुनावी संभावनाओं को टटोल भाजपा की चिंता बढ़ा दी। वहीं अपने खोए जनाधार को मजबूत करने खातिर कांग्रेस भी पीछे नहीं है।

2013 में 8 और 2018 में एक भी सीटें नहीं जीतने वाली कांग्रेस नई उम्मीदों को टटोल रही है। नगालैंड में लोग नागा शांति समाधान के पक्षधर हैं। कांग्रेस इसी का फायदा उठाना चाहती है और चुनावी वायदों में बिजली, सड़क, उद्योग, नौकरियों पर फोकस के साथ समान विचारधारा व धर्मनिरपेक्ष गठबंधन पर नजरें टिकाए है। इस ईसाई बहुल राज्य में मजबूत हिंदू विरोधी रु ख तो नागा शांति वार्ता में देरी भी अहम मुद्दे हो सकते हैं। चुनावी ऐलान के साथ ही वहां राजनीतिक हलचल जबरदस्त हैं।

यूं तो पूर्वोत्तर में कभी कांग्रेस तो कहीं वाम का दबदबा रहा, लेकिन स्थानीय समस्याओं से पनपे क्षेत्रीय दलों ने राष्ट्रीय दलों को चुनौती तो पेश की मगर भाजपा ने उनसे हाथ मिला अपना दबदबा खूब बढ़ाया। वहीं घाटे में कांग्रेस रही। अब नये समीकरणों और हालात में देखना है कि पूर्वोत्तर राज्य क्षेत्रीय या राष्ट्रीय दल किसके साथ जाते हैं? वैसे तीनों राज्यों के चुनाव बेहद अहम और दिलचस्प जरूर होंगे, लेकिन केवल इन्हें ही केंद्र की सत्ता का सेमीफाइनल या लिटमस टेस्ट कहना जल्दबाजी होगी।

ऋतुपर्ण दवे

## नम्र बनके रहो हर खुशहाल पल तुम्हारा है

बुजुर्गों ने कहा यह जीवन का सहारा है
सामने वाले से कहो तुम अज्ञानी नहीं हो
मैं ज्ञानी नहीं हूं जीत पल तुम्हारा है
नम्र बनके रहो खुशहाल पल तुम्हारा है
मैं मैं का विकार अज्ञान का ढारा है
नम्रता गहना ज्ञान का सहारा है
ज्ञानी को अज्ञानीं से भी ज्ञान का
गुण लेना गुणवत्ता का सहारा है
बड़े बुजुर्गों के जीवन का हमें अटूट सहारा है
बड़े बुजुर्गों ने अहंकार पर तीर मारा है
कहावतों में ज्ञान बहुत सारा है
नीवां होके ग्रहण करो ज्ञान तुम्हारा है



किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

## संदेशा

तन माटी के पुतरा संगी,
माटी मा मिल जाथे।
कतको मनखे सज धज लै जी,
बन के राख उड़ाथे।।
देह भीतरी साँस चलत ले, माया
मोह बँधाथे।
उड़े जीव बन पंछी मैना, कहाँ
सँदेशा आथे।।
जनम धरे हे मानुष जिनगी, भोग
लाख चौरासी।
कोनों ईर्ष्या द्वेष जगाये, कोनो हर
सन्यासी।।
करव भजन शिव राम चन्द्र के,
इही संग मा जाथे।
पाप पुण्य के लेखा जोखा, जम्मो
इहें गिनाथे।।
लाख जतन कतको कर ले जी,
हावय कंचन काया।
छिन भर मा जब साँस रूकथे,
छोड़े देह किराया।।
मया पिरित के डोर फँसे हे, जइसे
मकड़ी जाला।
करम धरम ला देखत रहिथे, बइठे
ऊपर वाला।।
बिना नाम के जनम धरे हव,
सुग्घर नाम बनावव।
खाली हाथ सबो ला जाना, भगवन
ध्यान लगावव।।
का राखे हे देह म संगी, पंच तत्व
मिल जाथे।
कतको मनखे सज धज लै जी,
बन के राख उड़ाथे।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

## यह आँखे प्यासी है

यह आँखे प्यासी है तेरे दीदार के लिए
दिल अकेला है एक दिलदार के लिए
यह दिल तरस रहा तेरे इकरार के लिए
कब तक हामी भरोगे मेरे प्यार के लिए
यह दिल अकेला है हमसफ़र के लिए
कब मिलेगा तुम्हारा साथ बसर के लिए
कितने लम्हें गुजारे तुझे पाने के लिए
आँखें राह तक रही तेरे आने के लिए
दिल उदास है तेरे नजर अंदाज के लिए
दिल बेकरार है तुम्हारे आवाज के लिए
हजरतें जवान हैं तेरे इंतजार के लिए
मेरा सब्र बस लाजमी है इजहार के लिए

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



अशोक पटेल आशु
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

# कलयुग कलयुग की रफ्तार

## सभ्य समाज और कानून व्यवस्था पर उठते सवाल

सभ्यता से अभिप्राय एक सकारात्मक सुव्यवस्थित संस्कारी समाज से होता है । सभ्य होने का मतलब एक ऐसा नगरवासी होना जो उस समुदाय के संविधान और कानूनी विधियों द्वारा शासित होता है ,एक जिम्मेदार नागरिक । समय परिवर्तन के साथ साथ समाज के सोच विचार में बदलाव आता है और युग परिवर्तन भी होता है। आज जो समय चल रहा है उसे कलयुग कहां जाता है । आए दिन होने वाले बलात्कार ,मर्डर के केस ,भूकंप, सूखा ,बाढ़, त्रासदी यह सभी इस बात को प्रमाणित करते हैं कि समाज के सोच विचार के स्तर में कितनी गिरावट आ चुकी है। श्रद्धा वॉकर मर्डर केस के बाद आए दिन ऐसे केस अखबारों, सोशल मीडिया की सुर्खियां बटोरे हुए हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है की इस केस की सुर्खियों ने समाज के अन्य युवकों को प्रोत्साहन दिया है। आज जिस तरह से मीडिया इस तरह के केस को उछलता है वह समाज को गलत पैगाम देता है। चल चित्रों में दिखाए जाने वाले दृश्य भी इस तरह के अपराधों के लिए जिम्मेदार हैं। इस बात को ध्यान में रखने की जरूरत है कि चलचित्र समाज का आईना होते हैं परंतु किसी भी बात को दिखाने बी सभ्यता का आनंद नहीं होना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति चलचित्र से अपनी समझ के हिसाब से प्रेरित होता है और चलचित्र समाज पर अपना गहरा प्रभाव छोड़ते हैं। कानून से खेलना और उसका खोफ ना होना एक आम बात हो गई है। समाज के लिए यह एक विषम चिंता का विषय है। आखिर युवाओं में इस तरह




का व्यवहार क्यों देखने को मिल रहा है? यह कहना गलत नही होगा कि हमारी युवा पीढ़ी कही न कही मानसिक रूप से बीमार हो रही है । युवाओं में बर्दाश्त का मादा कम होता जा रहा है। लड़कियों की सुरक्षा पर एक भारी सवाल उठता है। आज युवा पीढ़ी अपने अधिकारों के प्रति बहुत सजक है मगर अपने कर्तव्य और सभ्यता से कोसों दूर हो चुकी है। क्या वजह है कि पढ़े-लिखे होने के बावजूद कर्तव्य निष्ठा और संस्कारों की कमी है? क्या यह कहना गलत होगा कि इसके पीछे पैसे की होड़ और दिखावा है । तथाकथित तथ्यों पर आधारित पिछले कुछ दिनों में मुंबई के मलाड का केस जिसमें 27 साल के लड़के ने अपनी लिव इन पार्टनर का मर्डर कर उसे बेड में छुपा दिया। उत्तम नगर के एक लड़के ने अपनी गर्लफ्रेंड को कार में मार कर अपने ढाबे में खाने के सामान के साथ फ्रिज में रख दिया । आज के दौर में इंसान की जान की कीमत कुछ नहीं रही । मशीनी दौर ने इंसान के इमोशंस को काफी हद तक मार दिया है। बंद दरवाजों और डिजिटल दुनिया ने इंसान के दिल दिमाग को बंद कर दिया है । आए दिन ऐसी खबरें सुनकर लड़कियों/बच्चों के मां बाप के दिल दहल रहे हैं। क्या वजह है कि मर्डर करने वाला युवा/व्यक्ति यह सोच नहीं पाता की उसका क्या अंजाम होगा ? क्या यह हमारे कानून व्यवस्था की कमियों को दर्शाता है? इस तरह की घटनाएं सरकार द्वारा चलाए गए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे पर भी एक बड़ा सवाल खड़ा करते हैं। जरूरत है इस अभियान के गहराई को समझते हुए कानून व्यवस्था को सख्त करने की । इस तरह के जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को सख्त से सख्त सजा दे लोगों के दिलों में कानून का खौफ पैदा करने की । यदि हम एक सभ्य समाज में रहना चाहते हैं तो प्रत्येक नागरिक को सभ्यता के दायरे में रहकर आचरण करना चाहिए वरना समय चक्र ने जो चाल चलनी है वह और अधिक भयावान हो सकती है ।



केशी गुप्ता
द्वारका
दिल्ली

# कोरा कागज : तीन व्यक्तियों की भीड़ की पीड़ा

गुरदासपुर-पंजाब के आनंद बंधु चेतन, देव और विजय हिंदी सिनेमा के आकाश में अनोखी छाप छोड़ गए हैं। ज्येष्ठ बंधु चेतन आनंद पूरी तरह फिल्म निर्देशन में समर्पित थे। बीच के देव आनंद ने सदाबहार हीरो के रूप में स्थापित हो कर निर्माता-निर्देशक के रूप में भी नाम कमाया। तीसरे विजय आनंद ने भी अभिनय और निर्देशन, दोनों घोड़ों की सवारी की। पर सिनेमा प्रेमी उन्हें हीरो के रूप में कम, निर्माता के रूप में अधिक याद करते हैं। जैसे कि उनकी चार लाजवाब फिल्में- गाइड, तीसरी मंजिल, ज्वेल थीफ और जानी मेरा नाम (चारों में देव आनंद ही हीरो थे) हिंदी सिनेमा की मील का पत्थर फिल्में थीं।

1957 में विजय आनंद ने एक्टर (आगरा रोड) और डायरेक्टर (नौ दो ग्यारह) के रूप में शुरुआत की थी। पर उनकी निर्माता आत्मा को कहानियां कहना ज्यादा अच्छा लगता था, इसलिए देव आनंद की नवकेतन फिल्म्स में ठीक से व्यवस्थित हो गए थे। फिर भी एक्टर के रूप में उन्होंने लगभग जिन दस फिल्मों में काम किया था, उनमें कोरा कागज (1974) यादगार साबित हुई थी। इस फिल्म में विजय आनंद ने साबित कर दिया था कि उन्होंने अगर निर्देशन के बजाय एक्टिंग में गंभीरता से रुचि दिखाई होती, बराबरी की बात की जाए तो उनमें संजीव कुमार की बराबरी की गहराई थी। एक इंटरव्यू में उन्होंने स्वीकार भी किया था कि देव साहब मेरे भाई न होते तो मैं एक्टर होता। मेरे अंदर टैलेंट की कमी नहीं थी। पर मैंने कैमरे के पीछे रहना पसंद किया और एक्टर के रूप में अपनी इमेज बनाने की कोशिश नहीं की।

कोरा कागज उस साल आई थी, जब मनोज कुमार की रोटी कपड़ा और मकान, धर्मेन्द्र की दोस्त, राजेश खन्ना की प्रेम नगर, देव आनंद की अमीर-गरीब, अमिताभ बच्चन की मजदूर और जितेन्द्र की विदाई का डंका बजा था। 70 के इस दशक में मसाला फिल्मों का दौर था। ऐसे समय में विवाह जैसे वैवाहिक खटराग जैसे बोरिंग विषय को ले कर फिल्म बनाना और दर्शकों का प्यार जीतना, यह साहस और सफलता दोनों कहा जाएगा।

कोरा कागज बंगाली फिल्म सात पाके बंधा (सात फेरों का बंधन) की हिंदी रिमेक थी। 1963 में आई इस फिल्म में सौमित्र चटर्जी और सुचित्रा सेन मुख्य कलाकार थे। बंगाली में यह सफल रही थी और फिर हिंदी के अलावा तेलुगु में विवाह बंधन और तमिल में ललिथा नाम से बनी थी। बंगाली में यह आशुतोष मुखोपाध्याय नाम के जानेमाने लेखक के इसी नाम के उपन्यास पर बनी थी। उनकी तमाम कहानियों पर सुंदर फिल्में बनी थीं। जैसे कि तलाश, सफर, खामोशी और बेमिसाल। कोरा कागज का निर्देशन मूल बंगाल के अनिल गांगुली ने किया था। निर्देशक के रूप में कोरा कागज उनकी पहली फिल्म थी। इसमें उन्होंने वैवाहिक खटराग को इतनी संवेदना से चित्रित किया था और विजय आनंद तथा जया भादुड़ी से इतना अच्छा अभिनय कराया था कि फिल्म 1975 का राष्ट्रीय पुरस्कार ले गई थी। दूसरे ही साल उन्होंने राखी को लेकर राजश्री प्रोडक्शन के लिए तपस्या बनाई थी और यह भी राष्ट्रीय पुरस्कार ले गई थी।

फिल्म में साहित्य के प्रोफेसर सुकेतु दत्त (विजय आनंद) और मिडल क्लास की लड़की अर्चना गुप्ता (जया भादुड़ी) मुंबई की बेस्ट बस में अचानक मिलते हैं। सुकेतु साधारण परिवार से हैं और मुश्किल से जीवनयापन करते हैं। दोनों एक-दूसरे को पसंद करते हैं और विवाह कर लेते हैं। बेटी के लिए डाक्टर, इंजीनियर या बिजनेसमैन का सपना देखने वाली अर्चना की मां मिसेज गुप्ता (अचला सचदेव) को यह बिलकुल पसंद नहीं था।




विवाह के बाद मां का हस्तक्षेप बढ़ जाता है। वह हमेशा विजय को उसकी गरीबी का भान कराती रहती है। मां के पुत्री प्रेम के कारण दंपति की गृहस्थी में रोजाना कोई न कोई नई प्राब्लम आती है। एक दिन मां फ्रिज भेजती है, उसके बाद टेलीफोन भेजती है। इसके बाद वह उसके जान-पहचान वालों से जाकर कहती है कि उसका दामाद पीएचडी करने के लिए लंदन जाने वाला है। विजय आदर्शवादी और आत्मगौरव वाला व्यक्ति था। उसे यह सब पसंद नहीं था। उसे लगता था कि उसका अपमान करने के लिए उसकी सास जानबूझकर कर समस्या खड़ी करती है।

अर्चना अपने पति के सिद्धांतों और मां की दरकार के बीच सैंडविच हो जाती है। वह न तो मां को रोक पाती है और न पति को मना पाती है। मिसेज गुप्ता का रिमोट कंट्रोल दंपति के बीच अंतर और अंटस पैदा करता है, जो अंत में दोनों को अलग होने तक ले जाता है। वर्षों बाद दोनों एक रेलवे स्टेशन पर वेटिंग रूम में मिलते हैं और नासमझी दूर कर के सहजीवन शुरू करते हैं। जया भादुड़ी ने अगले ही साल वैवाहिक माथाकूट वाली फिल्म अभिमान की थी। पर फिल्म कोरा कागज की अर्चना अभिमान की उमा की तरह गूंगी गुड़िया नहीं थी। अर्चना अपने दिल और दिमाग की बात कहने के लिए सक्षम थी। अभिमान में वह मौन रह कर पीड़ा सहती है। कोरा कागज में उसकी पीड़ा उसकी जुबान से व्यक्त होती है। फिर भी ऐसा नहीं लगता कि जया ने दोनों फिल्मों में रिपीटेशन किया है। 26 साल की उम्र में जया ने जो परिपक्व अभिनय दिया था, वह काबिले तारीफ है। इसीलिए उन्हें उस साल का बेस्ट एक्ट्रेस का फिल्मफेयर अवार्ड मिला था।

फिल्म में कल्याणजी-आनंदजी के संगीतबद्ध किए मात्र एक तीन ही गाने थे। पर वे उनके कैरियर-बेस्ट हैं। किशोर कुमार में गानों में मूड और भावनाओं के अनुसार आवाज को मोल्ड करने की अच्छी योग्यता थी। इसका साक्ष्य मेरा जीवन कोरा कागज कोरा ही रह गया... है। इसमें सुकेतु की खिन्नता को किशोर ने हृदय को झकझोर दे, इस तरह विषाद के साथ व्यक्त किया है। किशोर कुमार कभी पार्टी नहीं करते थे। पर फिल्म कोरा कागज को बेस्ट म्युजिक का फिल्मफेयर अवार्ड मिला तो नियम तोड़कर उन्होंने सेलिब्रेशन किया था।

अन्य दो गाने लता मंगेशकर ने गाए थे। दोनों ही गाने अर्चना के परस्पर विरोधी अवस्था को व्यक्त करते थे। मेरा पढ़ने में नहिं लागे दिल... अर्चना के खिलंदड़ स्वभाव का प्रतीक था। जबकि रूठे रूठे पिया मनाऊं कैसे... उसके वैवाहिक जीवन की मजबूरी को प्रस्तुत करता था। लता ने भी इन दोनों गानों में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया था और इसीलिए उन्हें दूसरा राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। (पहला जया की ही परिचय फिल्म के लिए मिला था।

वैवाहिक माथाकूट वाली ऐसी ज्यादातर फिल्मों में कड़वाहट आ जाने की संभावना अधिक होती है। पर कोरा कागज में संबंधों के नाजुकपन को सावधानी से चित्रित किया गया था, इसलिए वह न तो नफरत में तब्दील हुआ था न ही टूटफूट में। दो व्यक्तियों के नए संबंध की संभावनाओं और मर्यादाओं को समझने और उसमें व्यवस्थित होने में समय लगता है। उन्हें इसके लिए अवकाश और समय मिलना चाहिए। इसमें अगर तीसरा व्यक्ति जोर डाले तो यह संबंध चल नहीं सकते इतने नाजुक होते हैं। फिल्म कोरा कागज में इस वास्तविकता को अच्छी तरह पेश किया गया है। दंपति की अपनी कोई गलती न होने की बात को गीतकार एम जी हसमत ने अपने टाइटल गीत में अच्छी तरह पेश किया था- न पवन की न चमन की, किसकी की है ये भूल, खो गई खुशबू हवा में, कुछ न रह गया...।



वीरेंद्र बहादुर सिंह
नोएडा
उत्तरप्रदेश

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# 7 लाख 50 हजार रुपए के गांजे के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 15 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।**



पचास किलो गांजा के साथ सरगुजा पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत 7 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है। तीनों तस्कर रायगढ़ लैलूंगा से बस के माध्यम से गांजा लेकर अंबिकापुर बस स्टैंड पहुंचे थे और यहां से दूसरी बस से यूपी जाने की तैयारी में थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर धारा 20 (सी ), 29 एनडीपीएस के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार सरगुजा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। कुछ दिन पूर्व भी पुलिस ने गांजे के बड़े खेप के साथ आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसी क्रम में मंगलवार को प्रतीक्षा बस स्टैंड पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अभिषेक पाण्डेय को मुखबिर से जानकारी मिली की प्रतिक्षा बस स्टैंड के आसपास कुछ संदिग्ध युवक काफी मात्रा में गांजा खरीद बिक्री करने की तैयारी में हैं। सूचना पर पुलिस बस स्टैंड के पीछे कबीर आश्रम के पास घेराबंदी की तो तीन संदिग्ध पाए गए। तीनों को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ की आरोपियों ने अपना नाम प्रमोद प्रधान निवासी लैलूंगा रायगढ़, बबलू पटेल एवं क्लेक्टर विंद दोनों निवासी भदोही उत्तरप्रदेश का होना बताए। पुलिस ने इनके पास रखे बोरी की तलाशी ली तो 50 किलो गांजा पाया गया। जीसकी कीमत 7 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर धारा 20 (सी ), 29 एनडीपीएस के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में संदीप सिंह, आरक्षक शाहबाज अंसारी, अतुल सिंह, सीनू फिरदौसी, मंटू गुप्ता, साइबर सेल से आरक्षक अशोक यादव नगर सैनिक सुनील गुप्ता शामिल रहे।

# चोरी की स्कूटी के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 15 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।**

चोरी की स्कूटी के साथ मणिपुर चौकी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार स्वास्थ्यकर्मी सुजाता बड़ाईक निवासी अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ड्यूटी करने 12 फरवरी को आई थी। वह अपनी स्कूटी को अस्पताल के बाहर खड़ी की थी। इस दौरान अज्ञात चोर ने स्कूटी पार कर दी थी। इस मामले की रिपोर्ट सुजाता ने मणिपुर चौकी में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की विवेचना कर रही थी। घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर व मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अजय राजवाड़े उर्फ सुफल निवासी दरिमा एवं सोयब अख्तर राजवाड़े निवसी लखनपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों अस्पताल से स्कूटी चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने इनके कब्जे से स्कूटी भी बरामद किया है। पुलिस ने दोनों ओापियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी मणिपुर उप निरीक्षक सरफराज फिरदौसी, प्रआर सतीश सिंह, महेश सिंह, आरक्षक अतुल शर्मा, इम्तियाज अली, सुरेश गुप्ता, मुकेश चौधरी सैनिक दिनेश यादव शामिल रहे।

# पहली बार आयोजित काईट फेस्टिवल का दिखा क्रेज

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर, 15 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।**




छत्तीसगढ़ में पहली बार मैनपाट महोत्सव में आयोजित काईट फेस्टिवल का जबरदस्त क्रेज दिखा। तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव में इस बार जिला प्रशासन द्वारा काइट फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। कई आकर और प्रकार के पतंग आकाश में उन्मुक्त उड़ रहे है।

काइट फेस्टिवल में उड़ीसा से आये जसपाल सिंह ने बताया कि जर्मनी, नीदरलैंड सहित अनेक देशों में निर्मित काईट उनके पास है। डोरेमोन काइट की डिजाइन खुद किया है। उनके पास सिंगल व अटैच लगभग 50 काईट है। पर्यपत जगह होने पर अधिक संख्या में काईट बक उपयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि मैनपाट में पतंग उड़ाने के लिए अच्छा माहौल है। छत्तीसगढ़ में पहली बार काइट फेस्टीवल का आयोजन मैनपाट में हो रहा है।

# 24 सूत्रीय मांगों को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारी रहे एक दिवसीय अवकाश पर

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 15 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।**




छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ अपनी 24 सूत्रीय मांगों को लेकर 15 फरवरी को सामुहिक ऐच्छिक अवकाश लेकर विरोध जताया। प्रदेश भर के स्वास्थ्य कर्मचारियों को अवकाश पर चले जाने से स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर असर पड़ा। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कई स्वास्थ्य सेवाएं बाधित रही। दवा वितरण का भी काम प्रभावित रहा। दवा वितरण का काम फार्मासिस्ट छात्र-छात्राओं के भरोसे रहा। इसी तरह लैब का काम भी प्रभावित रहा। केवल भर्ती मरीजों का ही सौंपल की जांच की गई। ओपीडी मरीजों का जांच नहीं किया गया। गौरतलब है कि 24 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ 15 फरवरी को सामूहिक अवकाश पर जाने का निर्णय लिया था। निर्णय के अनुसार स्वास्थ्य कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेकर विरोध जताया और अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ का कहना है कि अत्यंत कम वेतन सुविधाओं पर जन सेवा का कार्य करते हैं विभाग में अधिकांश संवर्ग एकल पद है। उप स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर बड़े अस्पतालों में कर्मचारी अपनी पूर्ण क्षमता से कार्य करते हुए स्वास्थ्य विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर अनेक मानकों में उच्च स्थान प्राप्त करने में मदद दे रहे हैं। जिलाध्यक्ष धनेश प्रताप सिंह एवं प्रांतिय महामंत्री अनिल कुमार पाण्डेय ने साझा व्यान में कहा कि संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ आयुष द्वारा समिति गठित कर वेतनमान संशोधन संबंधित प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। जिसे मंजुरी देकर प्रस्तावित वेतन मान का लाभ दिया जाए।

# कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया दिल्ली में डी के सोनी को मिला बेस्ट आरटीआई कार्यकर्ता का अवार्ड









- **मिस इंडिया 2013 सिमरन आहूजा और जूनियर बिग बी अरविंद अरोड़ा तथा भारतीय नमो संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के हाथो डीके सोनी को मिला बेस्ट आरटीआई कार्यकर्ता का अवार्ड,**
- **कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया दिल्ली में दिनाक 13 फरवरी को ह्यूमन प्राइट्ड ग्रुप के अध्यक्ष राकेश गोयल के द्वारा कार्यक्रम का किया गया आयोजन**

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 15 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।**

ह्यूमन प्राइड्स ग्रुप के द्वारा कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया दिल्ली में राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देश में अलग अलग फील्ड में अच्छा कार्य करने वालो को निमंत्रण दिया गया था जिसमे आरटीआई के छेत्र में छत्तीसगढ़ में अच्छा कार्य करने के कारण डीके सोनी को भी निमंत्रण दिया गया था

डीके सोनी के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में आरटीआई कार्यकर्ता के रूप मे अनेको जनहित के कार्य करने के कारण तथा सरगुजा आदिवासी बाहुल्य जिले में किए गए सामाजिक और आरटीआई से जनहित के मुद्दो को उठाने, उच्च न्यायालय, और सर्वोच्च न्यायालय में कई जनहित याचिका लगाने के संबंध में किए गए कार्य के कारण ह्यूमन प्राइड्स ग्रुप के द्वारा डी के सोनी को बेस्ट आरटीआई कार्यकर्ता का अवार्ड दिनाक 13/2/23 को दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में मिस इंडिया 2013सिमरन आहूजा, जूनियर बिग बी अरविंद अरोड़ा, तथा भारतीय नमो संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के हाथो डीके सोनी को बेस्ट आरटीआई कार्यकर्ता का अवार्ड दिया गया।



उक्त कार्यक्रम में देश के कई राज्यों के सामाजिक कार्यकर्ता सामिल हुए।

उक्त अवार्ड डीके सोनी को सरगुजा जिले में आदिवासियों के हित में आरटीआई के माध्यम से कार्य करने और ग्राम न्यायालय की स्थापना कराने की पहल को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में जनहित याचिका लगाने, और रोजगार गारंटी योजना में करोड़ो रुपए की रिकवरी कराने, मजदूरो को लाखो रुपए की मजदूरी दिलाने, सड़क, बिजली, और करप्शन के विरुद्ध कार्य करने तथा सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय में जनहित याचिका पेश करने तथा आरटीआई के माध्यम से भ्रष्टाचार के विरुद्ध अच्छा कार्य कर लोगो की मदद करने के अलावा समय समय पर जनहित के मुद्दो को उठाने, तथा आदिवासी अंचल में अच्छा कार्य करने के कारण उक्त अवार्ड प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में सांसद श्री सुनील सोनी, रायपुर, राज्य सभा सांसद श्री नरेश गोयल, ह्यूमन प्राइड्स ग्रुप के चेयरमैन श्री राकेश गोयल, हील द वर्ड संस्था के चेयरमैन श्री सी पी सोनी, श्री ओ पी सोनी, दिल्ली बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष श्री उपाध्याय तथा भारतीय नमो संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाइंस क्लब दिल्ली के अध्यछ गौरव गुप्ता,केनिया के एंबेसडर श्री पैट्रिक अहमदाबाद के मोहित सोनी, तथा काफी संख्या में लोग सामिल हुए।

उक्त अवार्ड प्राप्त होने से डीके सोनी के परिवार तथा मित्रो में खुशी का माहौल है , डीके सोनी का कहना हैं कि यह अवार्ड उनके द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्यों को करने की प्रेरणा देता है तथा हिम्मत बढाता है, और भविष्य में आगे और तेज गति से सामाजिक और जनहित के कार्यों को किया जाएगा।

# डकैती मामले में थाना रामानुजनगर पुलिस ने 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार,लूट की रकम,देशी कट्टा,जिंदा कारतूस किया जप्त

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर, 15 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।**





डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले 5 आरोपियों को रामानुजनगर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध होने के 7 घंटे के भीतर हथियार के साथ धरदबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगदी रकम, 1 देशी कट्टा, 1 जिंदा कारतूस व घटना में इस्तेमाल की गई 2 मोटर सायकल जप्त किया है।

दिनांक 14.02.2023 को ग्राम नावापारा खुर्द निवासी आमीम खान ने थाना रामानुजनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 10 फरवरी के रात्रि में अपने मोटर सायकल से ग्राम मंहगई निवासी एक व्यक्ति से मक्का बिक्री का पैसा 10 हजार रूपये लेकर वापस जा रहा था जैसे नावापारा खुर्द मेन रोड़ बरमसिया आमा के पास पहुंचा तभी ग्राम मंहगई के छवि तिवारी, विवेक यादव, विरेन्द्र रवि, आकाश रवि व तुलसी दो मोटर सायकल से वहां पहुंचे और रास्ता रोककर देशी कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए 10 हजार रूपये को लूट कर ले गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 23/23 धारा 395, 397 भादसं. व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से.) के सतत मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की धरपकड़ के लिए एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर लगाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस टीम आरोपियों की धरपकड़ के लिए संभावित जगहों पर दबिश देते रही इसी बीच मुखबीर की सूचना पर ग्राम मंहगई में घेराबंदी कर आरोपी छवि तिवारी पिता कोमल तिवारी उम्र 27 वर्ष, विवेक यादव पिता हरिबिलास यादव उम्र 27 वर्ष, विरेन्द्र रवि पिता स्व. मिठ्ठु राम रवि उम्र 27 वर्ष, आकाश रवि पिता मोतीलाल रवि उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम मंहगई एवं तुलसी सिंह पिता स्व. मनोहर सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम नावापारा, थाना रामानुजनगर को पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपियों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिनके निशानदेही पर 5 हजार 7 सौ रूपये नगद, 1 नग देशी कट्टा, 1 नग जिंदा कारतूस और घटना में इस्तेमाल की गई 2 नग मोटर सायकल जप्त कर पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर विपिन लकड़ा, एएसआई बिसुनदेव पैंकरा, प्रधान आरक्षक जयप्रकाश कुजूर, फिरोज खान, आरक्षक दीपक यादव, गणेश सिंह, रूपदेव सिंह, समरलाल, सैनिक पंकज पटेल, बाबुलाल साहू, देवचंद पाण्डेय, रजनीश पटेल व मानसाय सक्रिय रहे।




# दलेर की भांगड़ा से आज झूमेगा मैनपाट

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर, 15 फरवरी 2023 (घटती-घटणना)।**

मैनपाट महोत्सव के तीसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम में 16 फरवरी 2023 को मशहूर वॉलीवुड सिंगर दलेर मेहंदी पंजाबी-हिंदी गानों से महोत्सव को रंगीन बनाएंगे। महोत्सव में छत्तीसगढ़ी गायिका अलका चन्द्राकर, जसगीत गायक दिलीप षड़ंगी, रंग झरोखा दुष्यंत हरमुख, सूफी गायक नासिर एवं निन्दर, छत्तीसगढ़ी लोक संगीत लोरिक चन्दा महोत्सव में रंग जमाएंगे।

# भाजपा मंडल कुसमी कार्यसमिति की बैठक हुई संपन्न






**- संवाददाता -**
**कुसमी, 15 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।**

भारतीय जनता पार्टी मंडल कुसमी की कार्यसमिति बैठक मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल के नेतृत्व में संपन्न हुई,मिली जानकारी के मुताबिक बैठक में मंडल कुसमी के 14 शक्ति केंद्र की शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक सहसंयोजक सहित 72 बूथोंके अध्यक्षों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ कार्य योजना की रणनीति तय की गई , प्रधानमंत्री आवास को लेकर मोर आवास मोर अधिकार के तहत चलाए जा रहे कार्यक्रम के बारे में भी विस्तृत चर्चा की गई,वही आगामी 20 फरवरी 2023 को विधायक निवास घेराव हेतु कार्यकर्ताओं से बातचीत की गई प्रत्येक बूथ के अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक बूथ में निवासरत प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों जिनका आवास अब तक पास नहीं हुआ है या किसी अन्य कारण से भुगतान रोक दिया गया ऐसे हितग्राहियों को स्थानीय विधायक के निवास घेराव के लिए आगामी 20/02/2023 को राजपुर स्थित विधायक चिंतामणि महाराज के निवास पर घेराव के लिए राजपुर चलने के लिये प्रेरित करने की बात भी कही गई है, कार्यसमिति की बैठक में नवनियुक्त जिला अध्यक्षों अजजा मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिवशंकर मरावी एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष महबूब खान का भी आगमन हुआ था, कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया एवं जिला अध्यक्ष ने भी कार्यसमिति की बैठक को बारी-बारी संबोधित किया, बैठक में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष आनंद जयसवाल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भरत सेन सिंह नवनियुक्त भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के महामंत्री दिलीप गुप्ता उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक गोवर्धनराम पैकरा वरिष्ठ भाजपा नेता मथुरा प्रसाद , विजय भगत नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत कुसमी सोमनाथ भगत , प्रमोद गुप्ता , विकास गुप्ता , सुदर्शन गुप्ता , पारस पाल , इश्तखार, नसरुल्ला , रोशन एक्का, हीरामणि निकुंज , सुनीता भगत , शशि कला टोप्पो , भगवती सोनवानी , दीपक सोनवानी , किसान मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र पैकरा , सहित काफी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन मंडल के महामंत्री बालेश्वर राम नायक ने किया आभार मंडल उपाध्यक्ष अशोक सोनी ने किया।

# कोरिया वन मंडल के चामट पहाड़ पर बनाई जा रही है सड़क,क्या भंवरलाल को मिला जिम्मा ?

- जहां जरूरत नहीं वहां बनाई जा रही है सड़क,करोड़ों का होगा वारा-न्यारा
- सड़क भी ऐसी की बारिश आते ही बह जायेगी सड़क,तब तक पैसों का हो चुका होगा बंदरबांट
- भंवरलाल का वन विभाग कोरिया में लगातार है जलवा बरकरार,किसी भी काम में वाहन उसी की लाई जाती हैं उपयोग में
- जिन पर है वनों के संरक्षण का दारोमदार,वही बन रहे विनाश के जिम्मेदार
- औचित्यहीन सड़क निर्माण के लिए हजारों की तादाद में कटा गया वृक्ष
- निर्माण में रेंजर सहित अधिकारियों को लाभ कमाने की ऐसी चाह की प्राकृतिक को नुकसान पहुंचाने से भी नहीं आते बाज
- कोरिया जिले में यदि कहीं सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार है तो वह है वन विभाग में





- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 15 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के वन विभाग अंतर्गत बैकुंठपुर क्षेत्र के वन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले चामट पहाड़ पर वन विभाग सड़क बना रहा है। वन विभाग के द्वारा बनाई जा रही सड़क में वाहन भंवर लाल नाम के व्यक्ति की उपयोग में लाई जा रही है जो बैकुंठपुर वन विभाग के सभी कामों में ही अपने वाहन वन विभाग को उपलब्ध कराते चले आ रहे हैं। भंवर लाल कोरिया जिले के बैकुंठपुर वन विभाग में इतने चर्चित हैं की इनके अलावा किसी अन्य का वाहन और मशीनें वन विभाग में नहीं उपयोग लाई जाती हैं। भंवरलाल कौन है यह जानता भले ही कोई न हो लेकिन वन विभाग बैकुंठपुर के लिए यह जाना पहचाना नाम है।

चामट पहाड़ पर बनाई जा रही सड़क की यदि बात की जाए तो उक्त सड़क किस उद्देश्य से बनाई जा रही है यह भी स्पष्ट नहीं है और कुल मिलाकर सड़क बनाने का औचित्य समझ से परे है। सड़क बनाने में करोड़ों रुपए की लागत आने का अनुमान है और माना जा रहा है की यह सड़क शासकीय राशि के बंदरबांट के लिए बनाई जा रही है। सड़क जिस तरह से बनाई जा रही है उसको देखकर यह भी कहा जा सकता है की सड़क पहली बारिश में ही बह जायेगी और तब तक करोड़ों रुपयों का खेल हो चुका होगा। बैकुंठपुर वन विभाग अपने कारनामों को लेकर पहले भी सुर्खियों में बना रहा है और यह सुर्खियां अब भी बरकरार हैं। सबसे ज्यादा सुर्खियां भंवरलाल को लेकर वन विभाग ने जुटाई हैं जिसे ऐसे तो शायद ही कोई जानता हो लेकिन जब वाहन और मशीनों के उपयोग की बात आती है भंवरलाल का नाम जाना पहचाना हो जाता है विभाग में और सभी मौन हो जाते हैं।

भंवरलाल वन विभाग बैकुंठपुर के लिए लगातार वाहन और मशीनें उपलब्ध कराते चले आ रहें हैं। पहले बैकुंठपुर के पुराने वन परिक्षेत्राधिकारी के रहते हुए वह वाहन और मशीन उपलब्ध कराते रहे और अब जब दूसरे वन परिक्षेत्राधिकारी बैकुंठपुर के प्रभार में हैं तब भी भंवर लाल की वाहन और मशीन उपयोग में लाई जा रही हैं। बताने वाले बताते हैं भंवरलाल एक नाम है और यह नाम केवल उपयोग किया जाता है वन विभाग में भंवरलाल के नाम से वन विभाग में उपयोग की जाने वाली मशीनें और वाहन बैकुंठपुर वन विभाग के ही एक अधिकारी की हैं जो भंवरलाल के ही नाम से वाहन और मशीनें वन विभाग में चलवाते हैं और जबकि वह उन्हीं की हैं। वन विभाग में पहले भी कई सड़क बनाई गई हैं और जिसमे करोड़ों रुपए खर्च किया गया है और उन सड़को की आज की स्थिति यह है की कई बह चुकी हैं बारिश में।

## रक्षक ही भक्षक का कार्य करने लगें तो विनाश होना तय है

आरंभ से यही माना जाता रहा कि वृक्ष और वन सुरक्षित रहे तो ही जनजीवन सुरक्षित रह पाएगा। क्योंकि वायु,जल, मृदा संरक्षण, तापमान नियंत्रण जैसी महती चीजें वनों के अस्तित्व पर ही निर्भर करती हैं। पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व का एक महत्वपूर्ण कारक है वृक्ष और वन संपदा। वैसे तो इनके सुरक्षा की जवाबदारी पूरे मानव समुदाय की है। परंतु एहतियात की दृष्टि से सरकारों द्वारा वन विभाग अलग ही गठित किया गया है, जिनका मुख्य कार्य वनों का संरक्षण, वन्य जीवों का संरक्षण एवं वन संपदा में उत्तरोत्तर विधि करने का है। परंतु जब रक्षक ही भक्षक का कार्य करने लगें तो विनाश होना तय है। जब तक मानव जाति की पहुंच वनों के भीतर तक नहीं थी, वन संरक्षित और सुरक्षित थे। तथाकथित आधुनिक विकास की बुनियाद ने अभिन्न के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है। वनों के भीतर अवैधानिक निर्माण कार्यों ने निरंतर क्षति पहुंचाई है। तथाकथित विकास क्रम के कारण हजारों लाखों वृक्ष बेवजह काटे जा रहे हैं।

## सबसे बड़ा सवाल ऐसे निर्माण कार्यों की स्वीकृति कैसे और क्यों मिल जाती है ?

ताजा मामला ग्राम पंचायत बरदिया के आगे गोबरी जलाशय के ऊपर सर्व पूजनीय चामट पहाड़ का है। जहां वन विभाग द्वारा औचित्यहीन सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसे पहाड़ के ऊपर ले जाकर छोड़ा जा रहा है। इस निर्माण कार्य की वजह से हजारों पेड़ों की कटाई कर दी गई है। एक ओर जहां पर्यावरण विभाग का स्पष्ट निर्देश है कि विषम परिस्थिति को छोड़ वनों के अतिरिक्त कहीं भी हरे भरे वृक्षों को काटना मना है। वहीं वन विभाग द्वारा सड़क निर्माण के लिए हजारों वृक्षों की बलि देना कहां तक जायज है। जबकि इस अंत हीन सड़क से किसी विशेष सुविधा की प्राप्ति नहीं होने वाली। सबसे बड़ी बात यह है कि ऐसे निर्माण कार्यों की स्वीकृति कैसे और क्यों मिल जाती है? जबकि जिम्मेदार उच्चाधिकारियों को भी यह बात पता होती है कि ऐसे निर्माण कार्यों के फल स्वरुप वनों का विनाश होना तय है। आंकड़ों में चाहे लाख दावे किए जाएं, परंतु हर वर्ष होने वाले इस प्रकार के निर्माण कार्यों से वनों का क्षेत्रफल लगातार कम होता जा रहा। जबकि यह ऐसे संरक्षित क्षेत्र हैं जहां पर वन विभाग के अतिरिक्त अन्य किसी का हस्तक्षेप भी नहीं चलता। अन्य विभाग के किसी भी प्रकार के कार्य के लिए वन विभाग का अनापत्ति लेना आवश्यक होता है। परंतु जब विभाग स्वयं ऐसे कृत्यों के लिए जिम्मेदार हो तो सवाल उठना लाजमी है।

## कटे वृक्षों की गणना ना हो पाए, इसकेलिए ठुंठों को नेस्तनाबूद किया जा रहा

सड़क निर्माण कार्य के लिए हजारों की तादाद में जो वृक्ष काटे गए हैं, उनके गिनती को छुपाने के लिए वन विभाग के अधिकारियों द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही एवं जेसीबी तथा अन्य बड़ी मशीनों के माध्यम से काटे गए वृक्षों के ठुठों को या तो खोद कर उसके ऊपर मिट्टी डाली जा रही या किसी भी प्रकार से? इनको गायब किया जा रहा। ताकि कटे हुए हरे भरे वृक्षों की गणना न की जा सके। यदि सड़क निर्माण के लिए काटे जाने वाले वृक्षों की स्वीकृति जायज है, तो फिर कटे वृक्षों की गिनती छुपाने के लिए ऐसा प्रयास क्यों किया जा रहा? यह बड़ा सवाल है या फिर सड़क निर्माण की स्वीकृति के लिए गलत आंकड़े पेश कर स्वीकृति हासिल की गई होगी, जिसमें यह दर्शाया गया होगा कि अधिक वृक्षों को काटने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सवाल यह उठता है कि निर्माण कार्य में संलिप्त अधिकारियों को जमीनी स्तर पर जब वास्तविक जानकारी होगी ही तो वनों को विकसित करने के बजाए विनाश की मंशा क्यों?

## वन विभाग के अनाप-शनाप निर्माण कार्यों से वनों का अस्तित्व खतरे में

निर्माण कार्यों से अर्जित लाभ की मंशा ने वनों के भीतर तक विभिन्न प्रकार के तथाकथित विकास यथा सड़क, तालाब, पुल पुलिया, शेल्टर हाउस जैसे निर्माण ने आम इंसान की पहुंच वनों के भीतर तक पहुंचा दी। जिससे न तो वन सुरक्षित रह पाए ना ही वन्यजीव। आलम यह है कि जंगल तो शनै शनै समाप्ति की ओर बढ़ रहे हैं और जंगली जानवर शहर की ओर। जिनकी बानगी यदा-कदा देखने को मिल जाती है। वनों के भीतर अधिकांश होने वाले निर्माण कार्यों में भारी भ्रष्टाचार की शिकायतें भी लगातार मिलती रहती हैं। परंतु विभाग के कान पर जूं तक नहीं रेंगती। आलम ऐसा ही रहा तो एक दिन ऐसा आएगा कि ना तो वन बचेंगे और ना ही वन विभाग।



# जमगहना के सिद्ध बाबा मंदिर प्रांगण में 16 फरवरी से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथामृत वर्षण का प्रारम्भ

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 15 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

जमगहना के सिद्ध बाबा मंदिर प्रांगण में 16 से 22 फरवरी तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथामृत वर्षण का आयोजन किया जायेगा जिसकी तैयारी में श्री सिद्ध बाबा समिति जमगहना एवं ग्रामवासी लगे हुए हैं। आयोजक समिति के सदस्य ग्राम पंचायत जमगहना उप सरपंच संदीप दुबे ने बताया कि 16 फरवरी को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो रही संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के कथा वाचक श्रीधाम वृन्दावन के सुयश देव महराज होंगे जिनके मुखाग्र बिन्द से 16 फरवरी को भागवत कथा महात्मय, देव पूजा, 17 फरवरी को सुखदेव जी प्राकट्य एवं परिक्षित जन्म, 18 फरवरी को सृश्टि विस्तार, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, 19 फरवरी जणभरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र, श्रीराम जन्म एवं श्रीकृश्ण जन्मोत्सव, 20 फरवरी को श्रीकृश्ण बाल लीला, माखन चोरी एवं गोवर्धन पूजा, 21 फरवरी को महारास लीला, कंश वध एवं रूक्मणी विवाह, 22 फरवरी को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, सुखदेव पूजन की कथा हर रोज अपरान्ह 3 बजे से सायं 6 बजे तक सुनाई जायेगी। 23 फरवरी को हवन पूजन एवं पूर्णाहुति के साथ समापन होगा।

# चिरमिरी निगम आयुक्त और गौठान प्रभारी को कारण बताओ नोटिस









## गोबर खरीदी और वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने में लापरवाही बरतने के मामले कलेक्टर ने की कार्यवाही

ईस्नु प्रसाद यादव
मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, 15 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

जिले के चिरमिरी नगर निगम स्थित छोटा बाजार के गौठान में गोबर खरीदी बंद पाए जाने तथा क्रय किए गए गोबर से वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने में लापरवाही बरतने के मामले में कलेक्टर श्री पी.एस. ध्रुव ने निगम आयुक्त और गौठान प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे जवाब-तलब किया है। कलेक्टर श्री ध्रुव ने गौठान में संचालित गतिविधियों का जायजा लेने के लिए आकस्मिक रूप से छोटा बाजार गौठान पहुंचे थे। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान यह पाया कि गौठान में गोबर की खरीदी नहीं की जा रही है। वर्मी टांकों में तैयार वर्मी कम्पोस्ट को निकालकर उसकी पैकेजिंग भी नहीं की जा रही है। इस स्थिति को देखकर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी जताई और शासन की महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही के चलते नगर निगम आयुक्त विजेंद्र सिंह और और गौठान प्रभारी प्रभारी सहायक अभियंता हेमशंकर गजेंद्र को कड़ी फटकार लगाई। कलेक्टर ने दोनों अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिन के भीतर जवाब तलब किया है।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान यह पाया कि गौठान में पहले से खरीदे गए गोबर की समय पर टांकों में भराई न होने की वजह से सूख रहे हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी से गोधन योजना के तहत सभी मापदंडों के अनुरूप काम करने की हिदायत दी। कलेक्टर ने पशुपालकों से नियमित रूप से गोबर खरीदी करने के निर्देश दिए। वर्मी टांके में तैयार कम्पोस्ट की छनाई और भराई कर विक्रय की कार्यवाही करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। गौरतलब है कि छोटा बाजार स्थित गोठान में 65 लाख रूपए का वर्मी कंपोस्ट तैयार किया गया है। 10 लाख रुपए का वर्मी कंपोस्ट तैयार करने हेतु शेष है। वहां पर उपस्थित स्वच्छ चिरमिरी महिला स्व-सहायता समूह के महिलाओं से तत्काल वर्मी कंपोस्ट तैयार कर बोरे में भरने के निर्देश दिए और इसका विक्रय हेतु उचित प्रबंध करने के निर्देश निगम आयुक्त को दिए।

# श्री श्री जगन्नाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर श्री श्री रुद्र महायज्ञ अखंड हरिकीर्तन 24 प्रहर आगामी 17 से 21 फरवरी तक होगा आयोजित

- जगन्नाथ सेवा संघ द्वारा कार्यक्रम की भव्यता हेतु क्षेत्र के जनप्रतिनिधि,एसईसीएल अधिकारियों सहित मीडिया कर्मियों की बैठक मंदिर प्रांगण में सम्पन
- बैठक में वर्तमान विधायक डॉ विनय,पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे

- संवाददाता -
चिरमिरी 15 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

प्रदेश में अपना पहचान रखने वाले श्री श्री जगन्नाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर संत श्री नागा बाबा महंत पुरुषोत्तम पुरी महाराज जी के सानिध्य में श्री श्री रुद्र महायज्ञ अखंड हरिकीर्तन 24 प्रहर आगामी 17 से 21 फरवरी तक आयोजित होगा। जगन्नाथ सेवा संघ द्वारा कार्यक्रम की भव्यता हेतु क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, एसईसीएल के अधिकारियों सहित मीडिया कर्मियों की एक बैठक मंदिर प्रांगण में आयोजित कर सुझाव लिए गए। बैठक में वर्तमान विधायक डॉ विनय, पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।





## चार दशक पूर्व रखी गई थी मंदिर की नीव

जगन्नाथ सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि एनसीपीएच निवासी एच के मिश्रा ने मंदिर निर्माण हेतु प्रयास किया था। चार दशक पूर्व चीता झोर पोड़ी के पहाड़ पर मंदिर बनना प्रारंभ किया गया, मंदिर को पुरी के जगन्नाथ मंदिर का स्वरूप प्रदान करने हेतु उड़ीसा से मिस्त्री आकर कार्य किए। तत्कालीन महंत स्वर्गीय कल्पतरु महाराज के देखरेख में मंदिर का कार्य पूरा हुआ जो आज विशाल एवं विख्यात रूप धारण किये हुआ है।

## पूरी के तर्ज पर काठ की मूर्ति स्थापित

जगन्नाथ सेवा संघ के अध्यक्ष नारायण नाहक एवं सलाहकार समिति सदस्य कीर्ति बासु रावल ने संयुक्त रूप से बताया कि जगन्नाथपुरी के बाद चिरमिरी में विशाल मंदिर स्थापित है मंदिर में भगवान जगरनाथ सुभद्रा एवं बलभद्र जी की मूर्ति उसी लकड़ी से बनाई गई है जिसका उपयोग पुरी के जगन्नाथ मंदिर में किया जाता है रंग रोगन भी बृहस्पति रंग से कराई गई।

## कोरोना काल के बाद भव्य आयोजन

मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि बीते तो 3 वर्षों से कोरोना के दौरान महाशिवरात्रि पर्व पर भव्य आयोजन नहीं किया जाता रहा। इस वर्ष पुनःभव्य आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत 17 फरवरी को अंकुराप्रण एवं अधिवास क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक नवनीत श्रीवास्तव की उपस्थिति में तथा 18 फरवरी से 21 फरवरी तक अखंड हरिकीर्तन 24प्रहर का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक, पूर्व विधायक एवं महापौर की उपस्थिति में किया जाएगा।

## जगरनाथ महोत्सव हेतु उठी मांग

बैठक में पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने चिरमिरी में भी जगन्नाथ महोत्सव की मांग उठी जिसके लिए वर्तमान विधायक डॉक्टर विनय ने कहा कि प्रगति निरंतर प्रक्रिया है, क्षेत्र के प्रगति के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। वही पूर्व विधायक श्याम बिहारी ने कहा कि चिरमिरी की वैभवता सभी जनप्रतिनिधियों का धेय्य होना चाहिए की जगन्नाथ मंदिर एवं अन्य धार्मिक स्थलों को पर्यटन के दृष्टिकोण से जोड़कर प्रयास किया जाए तो क्षेत्र में स्थायित्व एवं विकास संभव होगा। अन्य वक्ताओं ने कहा कि भव्यता धारण किए जगरनाथ मंदिर के भव्यता हेतु हम सबको दायित्व निभाने का समय आ गया है। इस दौरान जगन्नाथ सेवा संघ के सचिव भगवान नायक कोषाध्यक्ष गवई शासमल निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष सिंह पार्षद बीरबल बबलू डे प्रशांत त्रिपाठी पूर्व महापौर डमरु बेहरा जग बंधु कुटिया सहित सेवा समिति के अन्य सदस्य गण एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बॉलीवुड व छालीवुड के कलाकारों ने जमाया रंग








## सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत, संगीत व नृत्य की रही धूम

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 15 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

मैनपाट महोत्सव के पहले दिन 14 फरवरी को बॉलीवुड, छालीवुड व स्थानीय कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में खूब रंग जमाया। हिंदी, छत्तीसगढ़ी व सरगुजिहा गीतों का दर्शको ने जमकर लुत्फ उठाया और कलाकरो ने तालियां बटोरी।

बॉलीवुड सिंगर शशि सुमन के चल छइयां छइयां कार्टून कैसे राता व ससुराल चली गीतों ने दर्शकों ने खूब भाया। सुमेधा करमाहे ने शंकरा शंकरा गाने के साथ हिंदी सदाबहार व छत्तीसगढ़ी की दिलकश तरानों की तान छेड़ी वही छत्तीसगढ़ी लोक गायक अनुज शर्मा व नितीन दुबे ने अपने चिरपरिचित अंदाज में मनमोहक गीतों की प्रस्तुति दी। अनुज शर्मा ने मोर छाइहाँ भुइयां ल छोड़ थिराबे कहां रे, रहिस प्यार दे बर इनकार होगे जी व नितिन दुबे ने हाय रे मोर कोंचई पान जैसे धमाकेदार गीतों से दर्शोकों को झूमने में मजबूर किया। सरगुजिहा के गायक संजय सुरीला ने हाय रे सरगुज़ा नाचे व कई लोकप्रिय गानों से महफ़िल सजाया। इसके साथ ही डीएवी पब्लिक स्कूल भटको, चाइल्ड एडुकेशन सेंटर, एकलव्य आदर्श विद्यालय बतौली, सेजस देवगढ़, केजीवीबी मैनपाट के स्कूली बच्चों ने भी दी रंगारंग प्रस्तुति।

इस अवसर पर संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत, गौ-सेवा आयोग के सदस्य श्री अटल यादव, उर्दू अकादमी के सदस्य श्री बदरुदीन इराकी, कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, अपर कलेक्टर श्री एएल ध्रुव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में दर्शक मौजूदगी रही।

**लेजर शो व आतिशबाजी से खिल उठा फिजा**

मैनपाट महोत्सव में लेजर शो और आतिशबाजी के आकर्षक नजारे से महोत्सव स्थल शोभायमान हो गया। महोत्सव के पहले दिन रोपखार जलाशय में रात्री में लेजर शो शुरू किया गया। लेजर शो में रामायण के कुछ अंशो को रंगीन व आकर्षक लेजर किरणों से चित्रित किया गया। वहीं रंग-बिरंगे पटाखे आकाश में रंगीन नजारे पेश किए।

मैनपाट महोत्सव में पहली बार रोपाखार जलाशय में लेजर शो का आयोजन किया गया। लेजर की तेज व रंगीन किरणे एक दूसरे को काटते हुए रात्रि में महोत्सव स्थल को चार चांद लगा दिए। इसके साथ ही उद्यान विभाग द्वारा विकसित किये गए गर्दन में लगे फूल-पौधे ने भी खूबसरती को बढ़ाया।

संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत, कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियो ने लेजर शो का लुत्फ उठाया।

**स्वास्थ्य मंत्री श्री टीएस सिंहदेव मैनपाट महोत्सव के समापन समारोह में होंगे शामिल**

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन क्रिया, वाणिज्य मंत्री श्री टीएस सिंहदेव 16 फरवरी को मैनपाट आएंगे व तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव के समापन अवसर पर शामिल होंगे।

जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार श्री सिहदेव 16 फरवरी को दोपहर 12 बजे रायपुर से हेलीकाप्टर द्वारा उदयपुर के ग्राम खोंधला के लिए प्रस्थान करेंगे। वे अपरान्ह 1 बजे खोंधला पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात अपरान्ह 2 बजे लखनपुर विकासखण्ड के ग्राम लेंगा के लिए प्रस्थान करेंगे। लैंगा में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अपरान्ह 3:15 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा मैनपाट के रोपाखार के लिए प्रस्थान करेंगे। श्री सिंहदेव मैनपाट महोत्सव के समापन। समारोह में शामिल होने के पश्चात संध्या 5 बजे मैनपाट से अम्बिकापुर के लिए हेलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान करेंगे।

# दंगल के रोमांच ने भरा दर्शकों में जोश

## दंगल देखने उमड़ी जनसैलाब

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 15 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।



मैनपाट महोत्सव में आयोजित कुश्ती का रोमांच दर्शकों में जोश भर दिया। एक दूसरे को चित्त करने पहलवानों के दांव-पेंच ने दर्शकों को खूब भाया और तालियों की गड़गड़ाहट से अखहड़ा गूंज उठा।

मैनपाट महोत्सव में अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजन का यह दूसरा वर्ष है। पहले वर्ष के लोकप्रियता को देखते हुए इस वर्ष भी दंगल का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष कुश्ती प्रतियोगिता महोत्सव के तीनों दिन होगा। दंगल में भाग लेने मध्यप्रदेश, पंजाब और उत्तरप्रदेश के 52 पहलवान जुटे हैं और अपनी पहलवानी का प्रदर्शन कर रहे है। इनमें 42 पुरुष व 10 महिला पहलवान भी शामिल हैं।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन संस्कृति मंत्री श्री अमरजी भगत, गौ-सेवा आयोग के सदस्य श्री अटल यादव, कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारियों ने दंगल के रोमांच का लुत्फ उठाया।

# पत्थर खदान में इतनी तेज ब्लास्टिंग कि 1 किमी दूर खड़ी किशोरी के सिर के उड़ गए चिथड़े, दर्दनाक मौत



जशपुरनगर, 15 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र के मयाली पत्थर खदान में पत्थर तोडने बुधवार की शाम करीब 4.30 बजे ब्लास्टिंग की गई थी। ब्लास्टिंग इतनी तेज थी कि पत्थर का एक बड़ा टुकड़ा खदान से 1 किलोमीटर दूर खड़ी एक किशोरी के सिर पर लगी। इससे उसके सिर के चिथड़े उड़ गए। सिर से काफी मात्रा में खून बह जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस यह पता करने में जुटी है कि किस पत्थर खदान में यह ब्लास्टिंग हुई थी।

इस संबंध में कुनकुरी थाना प्रभारी एलआर चौहान ने बताया कि पत्थर लगने से ग्राम पंचायत खटंगा निवासी किशोरी केश्वरी बाई पिता नंदे राम 16 वर्ष की मौत की सूचना उन्हें मिली थी। सूचना मिलने पर उनकी टीम मौके पहुंच गई थी, अभी तक यह पता नही चल पाया है कि जिस खदान में ब्लास्टिंग हुई है वो खदान किसका है।

बताया जा रहा है कि मयाली में पत्थर के 4 बड़े खदान हैं। पुलिस ने बताया कि मयाली के एक खदान में पत्थर तोडने ब्लास्टिंग की गई थी। ब्लास्टिंग इतनी जबरदस्त थी कि ब्लास्टिंग के दौरान एक पत्थर नाबालिग लडकी के सिर पर जाकर लग गया। इससे लडकी की मौत हो गई।

**लगातार विस्फोट से मधेश्वर पहाड़ पर आ रही दरारें**

मयाली के ग्रामीणों ने घटना के बाद पत्रिका को जानकारी देते हुए बताया कि मृतिका केश्वरी बाई पिता नंदे राम निवासी ग्राम पंचायत खटंगा की पत्थर खदान में हुए ब्लास्टिंग की चपेट में आने की वजह से मयाली नेचर पार्क के पास मौत हो गई। इस पार्क में ही 2 दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कार्यक्रम हुआ था।

ग्रामीणों ने बताया कि खदान में हुआ विस्फोट इतना जबरदस्त था कि 1 किलोमीटर दूर स्थित पार्क के पास खड़ी बच्ची के सिर पर पत्थर जाकर लगा। ग्रामीणों ने बताया कि खदान में होने वाले ब्लास्टिंग की वजह से विश्व के सबसे बड़े मधेश्वर महादेव पर्वत के उपर भी दरार आने लगी है। सलामी गुफा का मुंहाना यूं भी बंद होने के कगार पर है।

# शासन की योजनाओं का किया जा रहा है प्रचार-प्रसार

- » सूचना शिविर सह विकास प्रदर्शनी में शासन की योजनाओं की दिख रही झलक
- » सूचना शिविर सह विकास प्रदर्शनी का हॉट-बाजार में ग्रामीणों ने लिया लाभ

- संवाददाता -
बलरामपुर, 15 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।







जनसंपर्क विभाग द्वारा जिले के विकासखंड कुसमी के ग्राम पंचायत कोरंधा के साप्ताहिक हॉट बाजार में सूचना शिविर सह विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियो ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए शासन की योजनाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग के द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सेवा-जतन-सरोकार, न्याय का नया अध्याय, जनमन, संबल सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित ब्रोसर-पाम्पलेट का वितरण भी किया गया। योजनाओं की अत्यंत सहज और सरल भाषा में जानकारी पाकर सभी ने इसकी सराहना भी की।

**राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से खेती किसानी के प्रति लोगो का रूझान बढ़ा**

साप्ताहिक हॉट बाजार करने आये चिंतामणी मिंज ग्राम खजुरी, मंगरू राम ग्राम देवरी, पतलू राम ग्राम हंसपुर निवासी किसानों ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से खेती किसानी के प्रति लोगों का रूझान बढ़ा है। उत्पादन का उचित मूल्य मिलने से किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है। किसानों का आत्म सम्मान बढ़ा है। छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी योजनाओं का अन्य राज्य भी अनुकरण कर रहें है। इसके साथ उन्होंने बताया कि यह प्रदर्शनी लोगों में जागरूकता का माध्यम है, जिसमें मुख्य रूप से गोधन न्याय, योजना सुराजी गांव योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन वनोपज खरीदी, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कुल, राजीव युवा मितान क्लब, बिजली बिल हाफ योजना, श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना को प्रदर्शित किया गया है। जिससे आम नागरिक शासन की योजनाओं का फायदा उठा सके।

# कोरबा कलेक्ट्रेट में एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने दी दबिश

- राजा मुखर्जी -
कोरबा, 15 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।




प्रदेश में कोल स्कैम को लेकर चल रही जांच मैं प्रवर्तन निदेशालय की टीम एक बार फिर कोरबा में दबिश दी है। सुबह करीब 11:30 बजे प्रवर्तन निदेशालय की टीम कलेक्ट्रेट खनिज दफ्तर में पहुंचकर माइनिंग से संबंधित दस्तावेजों को खंगाला ह्व जिससे एक बार फिर जिले में मची खलबली ह्व बता दें कि कुछ समय पूर्व कोयला ट्रांसपोर्टिंग में 25 /- लेवी वसूली को लेकर पूरे प्रदेश में ईडी ने दबिश दिया था जो शायद अब तक शांत नहीं हुआ है। यही कारण है कि प्रवर्तन निदेशालय की टीम को दोबारा कोरबा की ओर रुख करना पड़ा है। प्रवर्तन निदेशालय टीम के दबिश से एक ओर जहां विभागीय अधिकारी सकते में है वही ऐसा आभास लगाया जा रहा है कि क्या कोई और खनिज से संबंधित सुराग मिला है जिसके लिए टीम को दोबारा कोरबा आना पड़ा या फिर एक साधारण विजिट के तौर पर इसे देखा जाए।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए बैंकों में अलग काउण्टर से सेवाएं उपलब्ध कराया जावे:डोमरु रेड्डी

- संवाददाता -
चिरमिरी 15 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।



बैंकों में बैंकिंग सेवाओं के लिए हो रही परेशानियों को लेकर, वरिष्ठ नागरिकों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर पूर्व महापौर के. डोमरु रेड्डी ने क्षेत्र के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को पत्र लिखकर इस सम्बंध में सभी का ध्यानाकर्षण कराया है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि उनके बैंकों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग काउण्टर / कतार के न होने से, सीनियर सिटीजनों को अपने वित्तीय लेने देन एवं अन्य बैंकिंग जरूरतों के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिन्हें बैंक प्रशासन के एक छोटे से प्रयासपूर्ण व्यवस्था के सुधार कर देने मात्र से आसानी से हल कर दिया जा सकता है। इसलिए लोकहित के इस जनसुविधा से जुड़े इस मसले पर पत्र लिखकर कहा है कि सभी बैंक अपने ब्रान्च में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग काउण्टर / कतार एवं सम्बंधित व्यवस्था कर, बैंक आने वाले वरिष्ठ नागरिकों को सुविधा मुहैया कराने के दिशा में आवश्यक पहल करने की मांग की करते हुए श्री डोमरु रेड्डी ने कहा है कि इससे निश्चय ही बुजुर्गों को खुशी मिलेगी जिससे सभी को सुखमय जीवन प्रदान करने वाला आशीर्वाद मिल सकेगा।

CMYK

# सड़क निर्माण कार्य पर सिर्फ खानापूर्ति,करोड़ो के राशि की सडक हुई भ्रष्टाचार की शिकार

- राजेन्द्र शर्मा -
खडगवा,15 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

विभागीय अधिकारी और ठेकेदार के साठगांठ से जिलदा से कदमबहरा सडक के दो लेयर डब्ल्यू एम एम पेवर मशीन से नहीं किया गया और साइड के इंजीनियर ने एक लेयर थिकनेस पूरा करने कि जानकारी देकर उसके पश्चात सडक पर डामरीकरण कार्य कर दिया गया है

जबकि इस सडक की जानकारी साइड इंजीनियर मे मोबाइल के माध्यम से बताया था कि अभी सडक की जगह जगह पर थिकनेस कम है जिसे पूरा किया जा रहा है इसके पश्चात डब्ल्यू एम एम की समाग्री दो लेयर पेवर मशीन से बिछ्या जाएगा इसके बाद सडक पर डामरीकरण का कार्य किया जाएगा जो सिर्फ थिकनेस पूरा करने के लिए ग्रेडर मशीन से सूखा गिट्टी डमफरो मे भरकर सीधे सडक पर ढेर कर दिया गया था जो इस सडक निर्माण समाग्री को विभिन्न समाग्री का मिश्रण वो भी डब्ल्यू एम एम प्लांट से मिश्रण कर डमफरो मे भरकर लाया जाना था और पेवर मशीन से सडक पर बिछाना था जो गुडघेला नाला से सिंघत एवं जिलदा से कदमबहरा पहुंच सडक पर पेवर मशीन और डब्ल्यू एम एम प्लांट का उपयोग नहीं किया गया है जब ठेकेदार के द्वारा जिलदा से कदमबहरा सडक पर डब्ल्यू एम एम का प्लांट से लाकर पेवर मशीन से बिछाना बताया जा रहा है उस समय ठेकेदार का डब्ल्यू एम एम प्लांट से डामरीकरण का डामर का मिश्रण कर रहा था और पेवर मशीन भी जिलदा से कदमबहरा सडक पर नहीं थी ये दोनों प्लांट और पेवर मशीन चिरमिरी मे डामरीकरण के कार्य कर रहे थे ठेकेदार एवं साइड इंजीनियर के द्वारा कार्य करने का सबूत और सफाई दी जा रही है तो शासन के दिशा निर्देश भी है की निर्माण कार्य की विडिओ ग्राफी फोपो ग्राफी करना है उसे प्रस्तुत कर दे जिससे सारा गुणवत्ता पूर्ण सडक निर्माण कार्य किया जाने का प्रमाण जनता के सामने आ जाएगा कि करोड़ों



रुपये की लागत कि सडक लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार की मिली भगत के कारण सडक निर्माण कार्य पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार की भेट चढ गया है?

सथानीय ग्रामीणों ने बताया कि सडक पर कोई पेवर मशीन नहीं आई सिर्फ एक दिन दो घंटे के लिए सडक पर लाकर पेवर मशीन को शोपीस के लिए खडा किया गया था उसके बाद पेवर मशीन कहा गई पता नहीं चला ।

लोक निर्माण विभाग अंतर्गत हो रहे सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ताविहीन होने से ठेकेदार व विभाग के मिली भगत की आशंका ग्रामीणों ने व्यक्त किया है।सड़क निर्माण के लिये आवश्यक गुणवत्ता मापदंड का खुले आम यहाँ उल्लंघन करना सपष्ट दिखाई दे रहा है। गुडघेला नाला से सिंघत पहुंच मार्ग के डामरीकरण निर्माण कार्य को एमसीबी कलेक्टर महोदय के निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता विहीन होने के कारण सडक निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही गिट्टी को तत्काल प्लांट से हटाने का आदेश दिया था और जाच के आदेश भी दिये थे।

कया लोक निर्माण विभाग के अधिकारी इस तरह के गुणवत्ता विहीन एवं घटिया निर्माण कार्य कि जिम्मेदारी लेंगे की इस ठेकेदार के साथ साठगांठ कर इसके निर्माण कार्य की राशि आहरण कराने में भरपूर सहयोग करेंगे?

शिकायत कर्ता ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री जी से गुडघेला नाला से सिंघत एवं जिलदा से कदमबहरा की सडक निर्माण कार्य की राशि का भुगतान रोका जाए पहले इस सडक की ठेकेदार के मापदंडों गुणवत्ता अनुपात का पालन कर निर्माण कार्य कि जाच शिकायत कर्ता के समक्ष सडक निर्माण कार्य कि विडिओ ग्राफी फोटोग्राफी सेमपल टेस्ट की जाच कराया जाए जिससे सडक की गुणवत्ता विहीन है कि नहीं ये सपष्ट हो सके ?

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री जी के सपनों को लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भ्रष्टाचार की बलि चढने मे कोई कोरकसर नहीं छोड रहे हैं उनके आदेश एवं निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है।मुख्यमंत्री जी ने छत्तीसगढ़ की जनता को सुगम सडक की सौगात देने के लिए कुछ दिनों पूर्व ही अधिकारियों को कान्फ्रेंस के माध्यम से सडको के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने की एवं किसी भी प्रकार की कोई शिकायत मिलने पर अधिकारियों एवं ठेकेदार पर कार्रवाई की जाने के आदेश और निर्देश दिए गए थे उसके बाद भी विभागीय अधिकारीओ के द्वारा गुणवत्ता विहीन सडको का निर्माण कार्य धडल्ले से कराया जा रहा है?

# मनेन्द्रगढ़ विधानसभा भाजपा कोर ग्रुप की बैठक सम्पन्न

» बैठक मे मोर आवास मोर अधिकार आंदोलन पर चर्चा की गई

- संवाददाता -
खडगवा,15 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

मोर आवास मोर अधिकार के तहत आवास योजना से वंचितों के साथ मनेंद्रगढ़ विधानसभा के विधायक निवास का घेराव 22 फरवरी को भाजपा द्वारा किया जायेगा।

भारतीय जनता पार्टी मनेन्द्रगढ़ विधान सभा कोर ग्रुप की बैठक मे आज संभागीय प्रभारी भारत सिंह सिदोदिया, सह प्रभारी रितेश गुप्ता, संगठन प्रभारी श्रीमती उधेश्वरी पैकरा , विधानसभा प्रभारी मनोज शर्मा, पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव श्रीमती चम्पा देवी पावले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंग के द्वारा सर्वप्रथम भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी की छायाचित्र के समीप दीप प्रज्वलन कर बैठक प्रारम्भ किया गया।

जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी जी के द्वारा एकात्म व मानव वाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल पर प्रकाश





डाला साथ ही पार्टी द्वारा समर्पण की राशि के विषय मे भी जानकारी दी गई। जिसमे साधारण कार्यकर्ताओ का अंश दान की राशि ऐप्प के माध्यम से आन लाइन पांच रुपए से लेकर 2000 रुपए चेक के द्वारा समर्पण की राशि देने पर विचार किया गया, साथ ही कोर कमेटी मे भरतपुर विधानसभा के प्रभारी व मोर आवास, मोर अधिकार के सह संयोजक रितेश गुप्ता ने आगामी योजना की जानकारी दी। वंही संभागीय प्रभारी भारत सिंह सिसोदिया ने भी जिलास्तर पर मोर आवास मोर अधिकार आंदोलन की मंडलवार जानकारी लिया गया जिसमे आगामी 21 फरवरी को मोर आवास मोर अधिकार के हितग्राहियो द्वारा खड़गवा से पदयात्रा प्रारम्भ हो कर शिवपुर बाजार मे सभा कर समापन किया जायेगा साथ ही 22 फ़रवरी को दोपहर 2 बजे हितग्राहियो व पार्टी के कार्यकर्ताओ के द्वारा विधायक निवास चिरिमिरी चीफ हॉउस गोदरीपारा का घेराव किया जाना है। उक्त बैठक मे जिला के महामंत्री वीरेंद्र राणा, रामलखन सिंग,दुर्गा शंकर मिश्रा, जनार्दन साहू, श्रीमती रीता आईच, जमुना पाण्डेय, संजय सिंग, श्रीमती कमला गड्डेवा, अरुणोदय पाण्डेय, सरजू यादव, मुकेश जायसवाल,श्रीमती राजकुमारी बैगा, सोनमती उरे, इंदु पनेरिया, मुनमुन जैन, प्रतिमा पटवा, संतन चौहान, राजेंद्र दास, मनोज केशरवानी , मंडल अध्यक्ष रघुनन्दन यादव, आलोक जायसवाल, विनोद गुप्ता, राम लाल साहू उपस्थित रहे।

# आवासीय खेल अकादमी चयन ट्रायल में 217 खिलाड़ियों का लिया गया ट्रायल

- संवाददाता -
कोरबा,15 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम कोरबा में आवासीय खेल अकादमी संचालन हेतु चयन ट्रायल आज 15 फरवरी से कोरबा में शुरू किया गया है। पहले दिन फुटबॉल खेल में लगभग 105 बालक व बालिका, बास्केटबॉल खेल में लगभग 59 बालक-बालिका एवं व्हॉलीबॉल खेल में लगभग 53 बालक-बालिका कुल 217 खिलाड़ियों का मोटर एबिलिटी टेस्ट कराया गया। चयन परीक्षण में महासमुंद, रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर चांपा एवं कोरबा जिला के प्रतिभागी सम्मिलित हुए।जिला खेल अधिकारी ने बताया कि जिन खिलाड़ियों का मोटर एबिलिटी टेस्ट नहीं हो पाया, वे कल 16 फरवरी 2023 को भी टेस्ट दे सकेंगे। चयन ट्रायल में संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बास्केटबॉल, व्हॉलीबॉल के नामांकित तकनीकी विशेषज्ञ एवं जिला शिक्षा विभाग के लगभग 35 व्यायाम शिक्षकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहयोग दिया। मोटर एबिलिटी टेस्ट के अंतर्गत खिलाड़ियों का वजन, उंचाई,






वर्टिकल जम्प, बॉल थ्रो, शटल रन, 30 मीटर फ्लाइंग स्टार्ट एवं 800 मीटर रन कराया गया। खिलाड़ियों के उम्र और प्रदर्शन के आधार पर मोटर एबिलिटी टेस्ट में अंक प्रदान किया गया है। मोटर एबिलिटी टेस्ट के अलावा कल खेलवार स्कील टेस्ट विशेषज्ञों द्वारा लिया जाएगा। दोनों टेस्ट के अंक के आधार पर वरियता क्रम में खिलाड़ियों का आवासीय खेल अकादमी में चयन किया जाएगा। आवासीय खेल अकादमी चयन परीक्षण में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों के आवास एवं भोजन की व्यवस्था जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा किया गया है।

जो भी प्रतिभागी खेल अकादमी चयन परीक्षण में सम्मिलित होना चाहते हों कल 16 फरवरी को प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम, कोरबा में प्रातः 09:30 बजे उपस्थित हो सकते हैं। खेल अकादमी संचालन नियम 2014 अनुसार ऐसे बालक-बालिका जो 01 अप्रैल 2022 को 13 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हों परंतु 17 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किए हो इस चयन ट्रायल में सम्मिलित हो सकते हैं।

# भूकंप त्रासदी में लोगों की मदद के लिए संगठन अध्यक्ष अनीश मेमन ने की अपील

- संवाददाता -
कोरबा,15 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा प्रेस क्लब में इतवारी बाजार व्यापारिक संगठन के अध्यक्ष अनीश मेमन ने पत्रकार वार्ता लेते हुए कहा कि तुर्की में आए त्रासदी में जिन लोगों को नुकसान हुआ उनकी मदद के लिए इतवारी बाजार व्यापारिक संगठन द्वारा दिनांक 16 फरवरी को सीतामढ़ी चौक से निहारिका होते हुए कोसा बाड़ी चौक तक सभी व्यापारियों एवं नागरिकों से सहायता राशि की मांग की जाएगी एवं इस राशि को प्रधानमंत्री राहत कोष के माध्यम से तुर्की सरकार तक भेजा जाएगा जिससे वहां के लोगों पर आए संकट को दूर करने में कुछ आर्थिक सहायता दिया जा सके द्व बता दें कि विगत दिनों तुर्की में आए भूकंप से हजारों लोगों ने अपनी जान गवाई ,वही हजारों लोगों ने इस त्रासदी की चपेट में आने से बेघर हो गए है जिससे उन्हें अत्यंत मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है द्व




इसको ध्यान में रखते हुए संगठन अध्यक्ष अनीश मेमन ने सहायता करने का बीड़ा उठाते हुए सहायता कोष में ?21000 देकर इस सहायता अभियान का शुभारंभ किया, साथ ही जिले के नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे अपने इच्छा अनुसार सहयोग राशि प्रदान कर इस त्रासदी के चपेट में आए लोगों की सहायता करने में योगदान करें द्व उन्होंने इस दौरान इतवारी बाजार के अव्यवस्थाओं को ठीक करने की बात कही और कहा कि संगठन के बनने के बाद अब धीरे-धीरे इतवारी बाजार में जो भी आव्यवस्थाएं हैं उसको जल्द व्यवस्थित कर लिया जाएगा द्व उन्होंने शहर के ट्रैफिक व्यवस्था पर कहा कि इस पर भी पुलिस एवं प्रशासन से बात कर जल्द ट्रैफिक व्यवस्थाओं को दुरस्त करने के दिशा में कार्य करेंगे द्व पत्रकार वार्ता के दौरान ऑटो संघ के पूर्व अध्यक्ष आजम खान एवं संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खेल में सुविधा के लिए दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों को मिलेगा किट,कलेक्टर श्री झा ने निर्देश दिया

- संवाददाता -
कोरबा,15 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जन चौपाल आयोजित हुई जिसमें कलेक्टर संजीव झा ने लोगों की समस्याएं सुनी और उसका निराकरण किया। जन चौपाल में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। जिन्हें कलेक्टर श्री झा ने लोगों की समस्याओं के निराकरण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनचैपाल में 153 लोगों ने अपनी समस्याओं और मांगो को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। जनचैपाल में पहुंचे व्हीलचेयर क्रिकेट एसोसिएशन के दिव्यांग खिलाड़ियों ने खेल में सुविधा के लिए कलेक्टर संजीव झा के समक्ष क्रिकेट किट, ट्रैक सूट की मांग की। इस मांग पर श्री झा ने संवेदनशीलता दिखाते हुए समाज कल्याण विभाग व खेल विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर दिव्यांग खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जनचैपाल में करतला तहसील के ग्राम ढरकपुर निवासी पुष्पा महंत ने कलेक्टर संजीव झा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि वह कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा है। माता-पिता के निधन



के बाद से उसकी और उसके भाई की देखभाल बड़ी बहन कर रही है। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण आगे की पढ़ाई में परेशानी हो रही है। पुष्पा महंत के आवेदन पर कलेक्टर ने पुष्पा महंत की पढ़ाई के लिए सहयोग करने अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले को निर्देश दिए। इसी तरह दर्री तहसील अंतर्गत अन्नपूर्णा विहार एचटीपीएस कॉलोनी निवासी खिलावन सिंह ने जनचैपाल में कलेक्टर के समक्ष अभिलेख दुरूस्तीकरण के लिए आवेदन किया। उसने बताया कि उसने वर्ष 2007 में उसने जमीन क्रय किया था। लेकिन रिकॉर्ड दुरुस्त नहीं होने और रिकॉर्ड ऑनलाइन भी नहीं होने के कारण उसे काफी परेशानी हो रही है। खिलावन सिंह के आवेदन पर कलेक्टर श्री संजीव झा ने दर्री तहसीलदार को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। जन चौपाल में अपर कलेक्टर कटघोरा विजेंद्र पाटले, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने बैठक में पाली महोत्सव की तैयारियों की जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिया

- संवाददाता -
कोरबा,15 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

जिले के प्रसिद्ध पुरातात्विक स्थल पाली में 18 एवं 19 फरवरी 2023 को भव्य पाली महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ लोगों को मनोरंजन भी मिलेगा। प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कलेक्टर संजीव झा ने टीएल की बैठक में पाली महोत्सव आयोजन की तैयारी के लिए सभी विभागों को आवश्यक निर्देश दिए । कलेक्टर ने बताया कि पाली महोत्सव बॉलीवुड के प्रसिद्ध सिंगर हार्डी संधु एवं पलक मुच्छ्ल जैसे कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। जिले के श्रेष्ठ सांस्कृतिक दलों एवं कला जत्था एवं स्कूली बच्चों एवं स्थानीय कलाकारों को भी मौका दिया जाएगा। महोत्सव में आने वाले अतिथियों को मिलेट्स से बने व्यंजन परोसे जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपा गया है।

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से नए शिक्षा सत्र में शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश की तैयारी की जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के सभी 400 स्कूल में शिक्षा के अधिकार के तहत रिक्त सीटों की जानकारी लोगों को दी जाए। इस कार्य के लिए एक नोडल अधिकारी भी बनाये जाएं। उन्होंने कहा कि आरटीई के तहत रिक्त सभी सीटों पर भर्ती की जाए जिससे शिक्षा का लाभ बच्चों को मिल सके।

उन्होंने कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के जिले के स्कूली छात्रों के बनाए जा रहे जाति प्रमाण पत्र कार्य की समीक्षा की तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि जाति प्रमाण पत्र हेतु प्रकरण ऑनलाइन अपलोड किए जाएं तथा जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्यों में गति लायी जाए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी,



पटवारी सचिव आदि के समन्वय से जिले में कक्षा पहली से कक्षा बारहवीं तक के छात्रों के जाति प्रमाण पत्र 31 मार्च तक हर हाल में पूर्ण कर लिए जाएं।

कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देशित किया कि वनाधिकार पट्टा के लिए ग्राम सभा से प्राप्त प्रस्ताव डीएलसी की बैठक में प्रेषित किया जाए। पात्र व्यक्तियों को वनाधिकार पट्टा बनाने के कार्य में गति लाई जाए। उन्होंने सीईओ जनपद पंचायत को निर्देश दिया कि वनाधिकार पट्टा हेतु अपात्र व्यक्ति को भी लिखित सूचना दी जाए जिसका विवरण ग्राम पंचायत की पंजी में संधारित किया जाए। कलेक्टर ने सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देश दिए कि सभी ग्राम पंचायतों में सचिवों के माध्यम से दिव्यांगो की पहचान हेतु एक सप्ताह में सर्वे करा लिया जाए ताकि उन्हें शासन की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी सर्व जनपद पंचायत को निर्देश दिए कि प्रत्येक गौठान में प्रतिदिन दो क्विंटल गोबर खरीदी होनी चाहिए। इसके साथ ही गौठानों में गोबर खरीदी की तुलना में 40 प्रतिशत खाद रूपांतरण होना चाहिए।

प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम कोरबा में आवासीय खेल अकादमी संचालन हेतु चयन ट्रायल 15 से 17 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। आवासीय खेल अकादमी चयन ट्रायल में फुटबॉल, बास्केटबॉल एवं व्हॉलीबॉल खेलों के राज्य खेल संघों द्वारा चयनित खिलाड़ियों की सूची, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राप्त सूची, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग तथा स्थानीय स्तर से प्राप्त सूची अनुसार प्रतिभावान खिलाडी शामिल होंगे। खेल अकादमी संचालन नियम 2014 अनुसार 01 अप्रैल 2022 को 13 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके एवं 17 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किये हों ऐसे बालक-बालिका सम्मिलित होंगे। कलेक्टर ने ट्रायल के संबंध में जिला खेल अधिकारी को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर कटघोरा विजेंद्र पाटले, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

न्यायालय नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-02 जिला-सरगुजा (छ0ग0)

रा.प्र.क्र./202302021700027 / अ-6/2022-23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नानगुड्डी पैकरा पुत्री हीरालाल पैकरा,जाति कंवर, निवासी ग्राम भकुरा तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) द्वारा ग्राम देवगढ़ स्थित भूमि खसरा नंबर 205 रकबा 0.352 हे0 में से 0.117 हे0 राजस्व अभिलेखों में पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 31/08/2021 के आधार पर विक्रेता बबलू आ0 सोमार साय, जाति कंवर निवासी ग्राम रजपुरीखुर्द, तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)का नाम विलोपित करते हुए अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/03/2023 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 10/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से ज जारी।

सील
नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-02

# आरसीबी की मेंटर बनीं टेनिस दिग्गज सानिया मिर्जा

## महिला क्रिकेटरों को देंगी ट्रेनिंग

**नई दिल्ली, 15 फरवरी 2023।** महिला प्रीमियर लीग की सारी तैयारियां हो चुकी हैं। इस बड़ी क्रिकेट लीग के लिए कुछ ही दिनों पहले बीसीसीआई ने मुंबई में ऑक्शन आयोजित किया था। वहीं अब इस टीम में महान टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा को भी एक बड़ा रोल मिल गया है। सानिया मिर्जा को महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम का मेंटर नियुक्त किया गया है। आरसीबी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से बुधवार को इसकी पुष्टि की। टेनिस खिलाड़ी सानिया ने इस पर बताया कि वह खुद इस बात से हैरान थीं कि उन्हें क्रिकेट टीम की मेंटर बनने का ऑफर मिला है, लेकिन बाद में उन्होंने इसे स्वीकार किया।

आरसीबी के ट्वीटर हैंडल पर लिखा गया महिलाओं के लिए भारतीय खेलों में अग्रणी, एक युवा आइकन, जिसने अपने पूरे करियर में निडर होकर खेला और बाधाओं को पार किया है, जो मैदान के अंदर और बाहर एक चैंपियन हैं। आरसीबी महिला क्रिकेट टीम की मेंटर के रूप में सानिया मिर्जा का स्वागत करते हुए हमें गर्व हो रहा है।



रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम की मेंटर बनने के बाद सानिया ने टीम के लिए बातचीत में कहा मैं थोड़ा हैरान थी, लेकिन मैं उत्साहित थी। सौभाग्य से या दुर्भाग्य से, मैं 20 वर्षों से एक पेशेवर एथलीट हूं। मेरा अगला काम युवा महिलाओं और युवा लड़कियों को यह विश्वास दिलाने की कोशिश करना है कि खेल उनके लिए करियर के पहले विकल्पों में से एक हो सकता है।

यह पूछे जाने पर कि वह रॉयल चैलेंजर्स के लिए क्या लाएंगी, मिर्जा ने कहा कि दबाव से निपटना किसी भी खेल में सबसे अहम पहलू है और वह खिलाड़ियों के साथ उनके मानसिक पहलू पर काम करेंगी। उन्होंने कहा इतनी समानताएं हैं (क्रिकेट और टेनिस के बीच)। हर एथलीट एक जैसा सोचता है, वे एक ही तरह के दबाव से गुजरते हैं। सिर्फ दबाव की स्थितियों को संभालना, उन्हें स्वीकार करना बहुत जरूरी है। दबाव एक खास चीज है, अगर आप इसे स्वीकार नहीं कर सकते, तो आप दबाव में बेहतर नहीं हो सकते। सबसे बड़े चैंपियन वे हैं जो दबाव को झेल सकते हैं।'

सानिया ने आगे कहा इसका वह पहलू, मानसिक पहलू कुछ ऐसा है जिसे मैं लड़कियों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। आईपीएल ने पुरुषों के क्रिकेट के लिए जो किया है, अगर वह महिला क्रिकेट के लिए किया जा सकता है, तो खेल खेलना युवा लड़कियों के लिए एक स्वाभाविक विकल्प बन सकता है।13 फरवरी को विमेंस प्रीमियर लीग की नीलामी में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने स्मृति मंधाना को 3.4 करोड़ में खरीदा और वह इस लीग के इतिहास में बिकने वाली पहली खिलाड़ी बनीं। इसके साथ ही मंधाना लीग की सबसे महंगी खिलाड़ी भी हैं। इस टीम में मंधाना के अलावा सोफी डिवाइन, एलिस पेरी, रेणुका सिंह और ऋचा घोष भी हैं।

# कतर में हुए वर्ल्ड कप के बाद फीफा को हुआ लाभ

## मिली लगभग चार अरब डॉलर की राशि

**जिनेवा, 15 फरवरी 2023।** कतर में वित्तीय रूप से सफल 2022 फुटबॉल विश्व कप के बाद फीफा के पास लगभग चार अरब डॉलर की धनराशि है और उत्तर अमेरिका में 2026 में होने वाले टूर्नामेंट की हॉस्पिटैलिटी और टिकट बिक्री से फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था की आय में कई अरब डॉलर का इजाफा होने की उम्मीद है। फीफा ने अपनी 2022 वार्षिक रिपोर्ट में वित्तीय रूप से मजबूत स्थिति का जिक्र किया है। फीफा अध्यक्ष जियानी इनफेंटिनो के वार्षिक बोनस में छह लाख 20 हजार स्विस फ्रेंक (छह लाख 73 हजार डॉलर) का इजाफा हुआ है।



उनका कर पूर्व आधार वेतन और बोनस पैकेज कुल 36 लाख स्विस फ्रेंक (39 लाख डॉलर) के अलावा फीफा की तरफ से अन्य खर्चों का भुगतान है। नवंबर में विश्व कप के दौरान फीफा ने 2022 तक चार साल के व्यावसायिक चक्र में लगभग सात अरब 60 करोड़ डॉलर के रिकॉर्ड राजस्व की घोषणा की थी।

# गुजरात-मुंबई के मुकाबले से शुरू होगा डब्ल्यूपीएल




**मुंबई , 15 फरवरी 2023।** विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पहले सीजन की शुरुआत यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम पर चार मार्च को गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियन्स के बीच मुकाबले से होगी।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने डब्ल्यूपीएल के मैचों की समय-सारणी की घोषणा करते हुए बताया कि 20 लीग मैचों और एक एलीमिनेटर के बाद टूर्नामेंट का फाइनल 26 मार्च को ब्राबोर्न स्टेडियम पर खेला जायेगा। डब्ल्यूपीएल के सभी मैच इन्हीं दो मैदानों पर खेले जायेंगे।

डब्ल्यूपीएल के पहले संस्करण में मुंबई, गुजरात, दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और यूपी वॉरियर्स सहित पांच टीमें हिस्सा ले रही हैं। हर टीम अन्य चार टीमों से दो-दो मुकाबले खेलेगी। लीग स्टेज के अंत में अंक तालिका के शीर्ष पर रहने वाली टीम फाइनल में जायेगी, जबकि दूसरे और तीसरे स्थान की टीमें फाइनल में पहुंचने के लिये 24 मार्च को एलीमिनेटर में एक-दूसरे का सामना करेंगी।

उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई ने डब्ल्यूपीएल नीलामी के एक दिन बाद कार्यक्रम की घोषणा की है। जियो कन्वेंशन सेंटर पर हुई नीलामी में कुल 87 खिलाड़ियों को डब्ल्यूपीएल अनुबंध प्राप्त हुए जिसमें 59.5 करोड़ रुपये खर्च किये गये।

स्मृति मंधाना (3.4 करोड़ रुपये में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर) इस नीलामी में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली खिलाड़ी साबित हुईं, जबकि एशली गार्डनर (3.2 करोड़ रुपये में गुजरात जायंट्स) और नेट सिवर-ब्रंट (3.2 करोड़ रुपये में मुंबई) सर्वाधिक कमाई करने वाली विदेशी खिलाड़ी रहीं।

# एशियाई खेलों में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला आईक्यू फॉइलर बनीं कोएल्हो

**मुंबई , 15 फरवरी 2023।** कात्या कोएल्हो 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक चीन के हांग्झोऊ में होने वाले एशियाई खेलों की आईक्यू फॉइल प्रतियोगिता में चालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला सर्फर बन गयी हैं।

आईक्यू फॉइल एक प्रकार का विंडसर्फिंग वर्ग नौकायन खेल है। कात्या ने सेल इंडिया चैंपियनशिप 2023 में महिला वर्ग में तीसरे ट्रायल में स्वर्ण पदक जीतकर एशियाई खेलों के लिये चालीफाई किया। वह चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे 199 भारतीय प्रतियोगियों में से एक थीं।

एशियाई खेलों में जगह बनाने के बाद कात्या ने कहा, इतने बड़े मंच पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम होना मेरे करियर का एक बड़ा क्षण है। मैं भारत के



लिये स्वर्ण जीतना चाहती हूं। जैसे-जैसे नये खेलों को भारत में पहचान मिलेगी और उन्हें प्रशंसकों से प्यार और समर्थन मिलेगा, हम देखेंगे कि और एथलीट सामने आयेंगे और अपने देश को गौरवान्वित करेंगे।

एशियन ओपन चैंपियनशिप 2015 में दो पदक जीतने वाले कात्या ने यॉचिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं और एशियाई खेलों के तीनों चयन ट्रायल्स की आईक्यू फॉयल श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। कात्या 2018 में जकार्ता में एशियाई खेलों में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली महिला भारतीय विंडसर्फर भी थीं। अनुभवी सर्फर ने अपने सुसज्जित करियर में 10 राष्ट्रीय स्वर्ण पदक और दो एशियाई ओपन चैंपियनशिप कांस्य जीते हैं। वह 2014 में युवा ओलंपिक में भाग लेने वाली एकमात्र भारतीय महिला विंडसर्फर भी थीं।

# दिल्ली टेस्ट खेलेंगे अय्यर

**मुंबई , 15 फरवरी 2023।** भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपना रिहैब पूरा कर लिया है और अब वह ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 17 फरवरी से होने वाले दिल्ली टेस्ट के लिये भारतीय टीम में शामिल होंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने यह जानकारी दी। गौरतलब है कि अय्यर पीठ की चोट के कारण न्यूजीलैंड के विरुद्ध खेली गयी तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से और ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध नागपुर में खेले गये पहले टेस्ट से बाहर हो गये थे।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि रिहैब पूरा होने के बाद बोर्ड की मेडिकल टीम ने अय्यर को खेलने की मंजूरी दे दी है।



अय्यर ने 25 नवंबर 2021 को न्यूजीलैंड के विरुद्ध घरेलू सरजमीन पर अपना पहला टेस्ट मैच खेला था, और वह पिछले एक साल से भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा रहे हैं। नागपुर टेस्ट में अय्यर की अनुपस्थिति में सूर्यकुमार यादव ने पदार्पण किया, हालांकि वह इस मैच में सिर्फ आठ रन ही बना सके थे।

भारत ने नागपुर टेस्ट पारी और 132 रन से जीतकर चार मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है। दिल्ली टेस्ट 17 से 21 फरवरी के बीच खेला जायेगा, जबकि तीसरा और चौथा टेस्ट क्रमशः इंदौर (1-5 मार्च) और अहमदाबाद (9-13 मार्च) में आयोजित होगा।

दूसरे टेस्ट के लिये भारतीय टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल , कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, सूर्यकुमार यादव।

# टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ टेस्ट में बनी नंबर वन

**नई दिल्ली, 15 फरवरी 2023।** भले ही टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल में मिली हार के बाद टीम इंडिया की खूब आलोचना हुई थी। लेकिन 2023 के दूसरे महीने में ही टीम इंडिया ने एक बड़ा इतिहास रच दिया है। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट की ताजा रैंकिंग जारी की गई है। अब भारत क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में नंबर वन टीम बन गया है। भारत ने टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर नंबर वन का ताज हासिल किया है। नागपुर में भारत को मिली एकतरफा जीत से टीम इंडिया को बड़ा फायदा हुआ है। नागपुर टेस्ट के बाद यह पहला मौका है, जब रैंकिंग अपडेट हुई है। क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब एक ही साथ तीनों ही फॉर्मेट में भारत की टीम नंबर वन बनी है। भारतीय टीम ञ20 और एकदिवसीय फॉर्मेट में पहले से ही नंबर वन पर थी। ऐसे में नागपुर में मिली बंपर जीत के बाद टेस्ट में भी टीम इंडिया नंबर वन पर पहुंच गई है। नागपुर में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को एक पारी और 132 रनों से हराया था। भारत की टीम पहली बार टेस्ट में 1973 में नंबर 1 बनी थी। इसके बाद टेस्ट में नंबर एक पर पहुंचने के लिए टीम इंडिया को लंबा इंतजार करना पड़ा। 2009 में महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में टीम इंडिया टेस्ट में नंबर वन पर पहुंची थी। 2011 तक भारत टॉप पर रहा।

इसके बाद विराट कोहली की अगुवाई में 2016 में टीम इंडिया ने टेस्ट में नंबर वन की रैंकिंग हासिल की। 2020 तक भारत इस रैंकिंग पर काबिज रहा। तब से टीम इंडिया लगातार टॉप 3 की टीमों में शामिल थी। अब एक बार फिर से नंबर एक पर पहुंच गई है। टेस्ट रैंकिंग की बात की जाए तो भारत के पास 115 रेटिंग अंक है। ऑस्ट्रेलिया 111 के साथ दूसरे, इंग्लैंड 106 के साथ तीसरे पोजीशन पर है। वनडे भारत में 114 रेटिंग के साथ पहले पायदान पर है। दूसरे पर 112 के साथ ऑस्ट्रेलिया है जबकि 111 के साथ तीसरे पर न्यूजीलैंड है। ञ20 की बात करें तो यहां भारत के खाते में 267 रेटिंग हैं। टीम इंडिया नंबर वन पर है जबकि दूसरे पायदान पर इंग्लैंड की टीम 266 अंक के साथ है। पाकिस्तान के खाते में 258 अंक हैं।

# गदर 2 को मोशन पोस्टर जारी,तारा सिंह और सकीना की दिखी झलक

'गदर- एक प्रेम कथा' बॉलीवुड की सबसे सफल फिल्मों से एक हैं और बॉक्स ऑफ़िस पर इसने सफलता के नए आयाम लिखे थे. ये फिल्म करीब 20 साल पहले पर्दे पर आई थी, लेकिन इसका क्रेज आज भी फैंस के बीच में जिंदा है. फिल्म के सीन्स से लेकर डॉयलग्स तक हर किसी के दिलों में जिंदा है. ऐसे में अब इसकी रिलीज़ के 20 साल बाद इसके सीक्वल गदर 2 का एलान किया गया है. ऐसे में अब अब वैलेंटाइन डे के मौके पर फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज कर दिया है, जिसमें फिल्म की रिलीज डेट के अलावा तारा और सकीना यानी सनी देओल और अमीषा पटेल की झलक देखने को मिल रही है. वैलेंटाइन डे के मौके पर गदर 2 के डायरेक्टर अनिल शर्मा ने फिल्म का मोशन पोस्ट रिलीज किया है, जिसमें सनी देओल और अमीषा पटेल, गदर के तारा और सकीना के गेटअप में एक-दूसरे को देखते हुए नजर आ रहे हैं. वहीं आगे वीडियो में लिखा है, प्रेम कहानी का फिर से गवाह बनने के लिए तैयार हो जाइए. आगे गदर 2 लिखा हुआ है. वहीं फिल्म की रिलीज डेट यानी 11 अगस्त को सिनेमाघरों में लिखा हुआ दिख रहा है. इस वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा, दिल खुश कर दिया सर. दूसरे ने लिखा, एक और चांस दीजिए सर. ऐसे ही कुछ ही मिनटों में यह मोशन पोस्टर वायरल हो गया है.




इस पोस्ट में फिर से गाना 'उड़ जा काले कावां' सुनाई दे रहा है और एक बार फिर सनी देओल अपने किरदार 'तारा सिंह' में नजर आएंगे और अमीषा 'सकीना' के किरदार में दिखाई देंगी. वहीं फिल्म में उत्कर्ष शर्मा तारा और सकीना के बेटे जीत की भूमिका निभाएंगे. इसका निर्माण जी स्टूडियो द्वारा किया जाएगा, इसकी कहानी शक्तिमान द्वारा लिखी जाएगी और संगीत मिथुन द्वारा कंपोज किया जाएगा. यह देखना दिलचस्प होगा कि आखिर 20 साल बाद कहानी को पर्दे पर कैसे निभाया जाता है.

# 28 साल बाद इंडस्ट्री में वापसी करने जा रही शांति प्रिया

90 के दशक में कुछ हिट फिल्में करने के बाद लोकप्रिय अभिनेत्री शांति प्रिया बॉलीवुड से गायब हो गई थीं। इसके बाद उन्होंने कुछ क्षेत्रीय फिल्मों में काम किया। वह डांस के क्षेत्र में सक्रिय रहीं और कई कार्यक्रमों में नजर आती रहीं। अब करीब 28 साल के ब्रेक के बाद वह फिल्मों में वापसी कर रही हैं। 53 वर्षीय अभिनेत्री सरोजिनी नायडू की बायोपिक में नजर आने वाली हैं।

सरोजिनी नायडू की बायोपिक सरोजिनी में शांति प्रिया उनका किरदार निभाएंगी। युवा सरोजिनी के किरदार में सोनल मॉन्टीरियो नजर आएंगी, जबकि वृद्ध सरोजिनी का किरदार शांति प्रिया निभाएंगी। फिल्म में



हितेन तेजवानी सरोजिनी के पति गोविंद और जरीना वहाब उनकी मां के किरदार में नजर आएंगी। सरोजिनी का निर्देशन विनय चंद्र कर रहे हैं। यह फिल्म हिंदी, तमिल, तेलुगू और कन्नड़ में रिलीज होगी।

अभिनेत्री ने कहा, मैं खुश हूं कि यह फिल्म चार भाषाओं में बन रही है। इससे सरोजिनी नायडू की कहानी ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक पहुंचेगी। इस बायोपिक में काम करके मुझे फिल्म जगत में काम करने के नए तरीकों के बारे में पता चला। इस किरदार के लिए मुझे 10-12 किलो वजन बढ़ाना पड़ा। जब काम चुनौतीपूर्ण होता है तो ऊर्जा अपने आप आ जाती है। मैंने बड़े पर्दे को बहुत मिस किया।



# सलमान के साथ काम करने को बेताब आमिर

आमिर खान पिछली बार फिल्म लाल सिंह चड्ढा में नजर आए थे। इस फिल्म से उन्होंने बड़े पर्दे पर वापसी की थी, लेकिन उनका यह कमबैक असफल रहा। ना सिर्फ फिल्म को बायकॉट का सामना करना पड़ा, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी बुरी तरह पिटी। अब आमिर ने सलमान खान के साथ काम करने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने सलमान को अपने होम प्रोडक्शन की एक फिल्म का प्रस्ताव दिया है। आइए जानते हैं क्या कुछ जानकारी मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीते महीनों में सलमान और आमिर कई बार मिले हैं। आमिर ने सलमान के सामने एक नई फिल्म की पेशकश की है, जिसे वह अपने प्रोडक्शन हाउस आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाने के इच्छुक हैं। निर्देशन की बागडोर आरएस प्रसन्ना को सौंपी गई है। पिछले छह महीने से आमिर निर्देशक के साथ अपनी इस फिल्म के काम पर लगे हैं। आमिर के मुताबिक, सलमान ही उनकी कहानी के साथ न्याय कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सलमान ने भी इस फिल्म में दिलचस्पी दिखाई है। अगर बात बन जाती है तो ऐसा पहली बार होगा, जब सलमान और आमिर बतौर अभिनेता और निर्माता किसी फिल्म से जुड़ेंगे।



# 100वां टेस्ट मैच खेलने जा रहे हैं चेतेश्वर पुजारा

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इतिहास रचने का भी मौका

**नई दिल्ली, 15 फरवरी 2023।** भारतीय टीम के अनुभवी बैटर चेतेश्वर पुजारा अपने करियर में बेहद ही खास मुकाम हासिल करने वाले है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में चेतेश्वर पुजारा 100वां टेस्ट मैच खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 35 वर्षीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा अपने इस मैच में इतिहास रचने के लिए भी बेकरार है।

### रच सकते हैं इतिहास

अपना 100वां टेस्ट मुकाबला खेलने जा रहे चेतेश्वर पुजारा इस मुकाबले में इतिहास भी रच सकते है। दरअसल अब तक 12 भारतीय खिलाड़ी सौवां मुकाबला खेल चुके है मगर कोई भी इस मुकाबले में खास उपलब्धि हासिल नहीं कर सका है। इस लिस्ट में सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, राहुल द्रविड़ जैसे धुरंधर क्रिकेटरों का नाम शामिल है। कोई भी खिलाड़ी सौवें मुकाबले में शतक नहीं जड़ सका है मगर चेतेश्वर पुजारा से उम्मीद है कि वो इस मुकाबले में शतक जड़ सकते है।

### कई खिलाड़ियों ने जड़ा है अर्धशतक

बता दें कि कई ऐसे खिलाड़ी रहे हैं जिन्होंने अपने 100वें मुकाबले में अर्धशतक जड़े मगर उन पारियों को शतकीय पारियों में तब्दील नहीं कर सके। इसमें वीवीएस लक्ष्मण (64 और 4 रन), कपिल देव (55 रन) सचिन तेंदुलकर (54 रन), राहुल द्रविड़ (52 और 9 रन) जैसे खिलाड़ी शामिल है।

### सन्यास लेने की नहीं जल्दबाजी

इस 35 वर्षीय बल्लेबाज ने कहा कि उन्होंने संन्यास की तिथि तय नहीं की है और वह एक बार में एक मैच पर ध्यान देना चाहते हैं। पुजारा ने कहा,'' मैं अपने लिए लक्ष्य तय नहीं करना चाहता हूं। मैं वर्तमान में रहना चाहता हूं। मैं कितने समय तक खेलूंगा के बारे में सोचने के बजाय मैं एक बार में एक मैच पर ध्यान देना चाहता हूं।'' उन्होंने कहा,'' खेल का लुत्फ उठाना महत्वपूर्ण है। अपने खेल के चरम पर रहना महत्वपूर्ण है और फिर जब आप अपना योगदान देने में सक्षम नहीं रहते या अपनी योग्यता के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो आप अपने अगले कदम के बारे में सोच सकते हैं। मैं अभी 35 साल का हूं और अभी मेरे पास समय है।''

पुजारा ने 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और इसके बाद उन्होंने टेस्ट विशेषज्ञ के रूप में अपनी विशेष पहचान बनाई। उनके 100वें टेस्ट मैच का गवाह बनने के लिए उनका परिवार भी स्टेडियम में मौजूद रहेगा। पुजारा ने कहा,'' हां, यह मेरा 100वां टेस्ट मैच होगा लेकिन तब भी आपको टीम के लिए भूमिका निभानी पड़ेगी और आपको उस पर अधिक ध्यान देना होगा। हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महत्वपूर्ण श्रृंखला खेल रहे हैं।'' उन्होंने कहा,'' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा टेस्ट मेरा 100वां टेस्ट मैच होगा लेकिन इसके बाद हमें दो और टेस्ट मैच खेलने हैं जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने के लिए हमारे लिए महत्वपूर्ण होंगे।













CMYK

# सीएम भूपेश बघेल ने की धन की बारिश

» नगरीय निकायों को दी 1000 करोड़ रुपए की सौगात,

» रायपुर नगर निगम को मिले इतने करोड़ रूपए .



रायपुर ,15 फरवरी 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज छत्तीसगढ़ की जनता को बड़ा तोहफा दिया है। सीएम ने आज नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के गौरव समागम 2023 के समारोह के दौरान करोड़ों की बरसात कर दी है।

### अन्य बड़ी घोषणाएं

सीएम ने आज सभी नगरीय निकायों को 1000 करोड़ रुपए देने की घोषणा की है।

नगर निगम रायपुर को 100 करोड़ रुपये देने की घोषणा

बिलासपुर नगर निगम को 50 करोड़, दुर्ग नगर निगम को 25 करोड़ मिलेंगे

भिलाई चरौदा, अम्बिकापुर, जगदलपुर को 20-20 करोड़

रिसाली, राजनादगांव, रायगढ़ एवं कोरबा को 15-15 करोड़

बिरगांव, धमतरी एवं चिरमिरी को 10-10 करोड़ की राशि

सभी नगर पालिकाओं को 5-5 करोड़ और सभी नगर पंचायतों को 3-3 करोड़

चुंगी कर को 26 रुपये से बढ़ाकर 35 रुपये करने की घोषणा

रायपुर, भिलाई और बिलासपुर में शहरी महिला आजीविका केंद्र शुरू करने की घोषणा

युवाओं के रोजगार के लिए रायपुर एवं भिलाई में सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर सुविधा सहित खुलेंगे बीपीओ

भिलाई में बनेगी विश्वस्तरीय सेंट्रल लाइब्रेरी कम रीडिंग ज़ोन

रीपा की तर्ज पर सभी नगर निगम और नगर पालिकाओं में खुलेंगे अर्बन कार्टेज और सर्विस इंडस्ट्रीज पार्क

शहरों के मार्केट एरिया में सीसीटीवी, आधुनिक शौचालय और विकास व्यवस्था की घोषणा

नगर निगमो में बनेंगे स्मार्ट हेल्थ कियोस्क- कियोस्क में बीपी, सुगर, ब्लड टेस्ट की मिलेगी निशुल्क सुविधा

रायपुर शहर के जल भराव वाले क्षेत्रों में ड्रेनेज सिस्टम की घोषणा

भूमि विकास नियम को सरलीकरण करने की घोषणा

अम्बिकापुर में महात्मा गांधी स्टेडियम का उन्नयन, सड़क निर्माण एवं सौंदरीकरण की घोषणा

# जज की भर्ती परीक्षा में 314 वकील शामिल

### सभी हुए फेल, इस तरह ली गई थी परीक्षा

बिलासपुर,15 फरवरी 2023 (ए)। हाई कोर्ट ने डिस्ट्रिक्ट जज की भर्ती के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित किया था जिसमे कुल 314 वकीलों ने परीक्षा दिया था। परीक्षा का परिणाम काफी हास्यप्रद रहा। दरअसल परीक्षा में शामिल होने के लिए 314 वकील पात्र हुए थे। 25 सितम्बर को परीक्षा आयोजित की गयी और सोमवार को रजिस्ट्रार जनरल कार्यालय ने परिणाम घोषित किया। परीक्षा के परिणाम सुनकर सभी भौक हो गए। परिणाम के अनुसार परीक्षा में शामिल होने वाले 314 वकील सभी फेल हो गए। एक भी परीक्षार्थी सफल नहु हुए। अंततः स्थित अब ऐसी बन गयी है कि भर्ती परीक्षा दोबारा आयोजित करना पड़ सकता है।



जिला जज के तीन पदों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था जिसमे दो पद अनारक्षित और 1 आरक्षित वर्ग के लिए था फॉर्म भरने के लिए योग्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से लॉ की डिग्री और 7 साल वकालत की अनिवार्यता थी। वहीं 27 जून से 22 जुलाई तक आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी थी। बहरहाल कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा में सफल नहीं होने के कारण दोबारा परीक्षा आयोजित करना पद सकता है। लिखित परीक्षा में 100 - 100 अंक के दो पेपर थे 20 नंबर का इंटरव्यू था सामान्य वर्ग के लिए पासिंग नंबर 60 अंक , और आरक्षित वर्ग के लिए 50 प्रतिशत निर्धारित थे। पहले प्रश्न पत्र में लॉ से सम्बंधित सवाल तो वहीं दूसरे प्रश्न पत्र में जजमेंट राइटिंग करना था

## संक्षिप्त समाचार

### क्या रायपुर प्रेस क्लब का होगा चुनाव



#### क्या है हाईकोर्ट का फैसला

रायपुर ,15 फरवरी 2023 (ए)।रायपुर प्रेस क्लब चुनाव को लेकर हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए रायपुर प्रेस क्लब के निर्वाचन पर रोक लगा दी है। बता दें कि इसके संबंध दावा-आपत्ति प्राप्त करने एवं निराकरण के लिए मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, दावा आपत्ति प्रस्तुत करने, दावा आपत्ति का निराकरण करने तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन के लिए कार्यक्रम घोषित किया गया था। इस संबंध में रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाऐं छत्तीसगढ के पत्र क्रमांक 1955 दिनांक 31 जनवरी 2023 अनुसार रायपुर प्रेस क्लब के निर्वाचन की कार्यवाही को लेकर उच्च न्यायालय बिलासपुर मे याचिका दायर किया गया था।वहीं हाई कोर्ट द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम घोषित नही करने का आदेश पारित किया गया है। रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ के उक्त पत्र के परिपालन मे एतद् द्वारा प्रेस क्लब रायपुर के निर्वाचन संबंधी आगामी कार्यक्रम घोषित नही किये जाएंगे।

### बड़े पैमाने पर अधिकारियों का हुआ प्रमोशन




#### अब संभालेंगे ये पदभार

रायपुर ,15 फरवरी 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर अधिकारियों को पदोन्नति का तोहफा मिला है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में पदस्थ सहायक विकास विस्तार अधिकारी को विकास विस्तार अधिकारी बना दिया गया है। इसके लिए सहायक आयुक्त कार्यालय की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। इस लिस्ट में 115 अधिकारियों का नाम शामिल है।

### जल संसाधन विभाग के अफसर की फांसी पर लटकी मिली लाश



रायपुर ,15 फरवरी 2023 (ए)। जल संसाधन विभाग के अधिकारी की फंदे पर लटकी हुई लाश मिली है। मामला आत्महत्या का है या फिर हत्या का ? पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। मामला राजिम का बताया जा रहा है। जहां फिंगेश्वर जनपद पंचायत में ऋश्वस विभाग में पदस्थ स्ध्ह्र राघवेंद्र बहादुर सिंह की फांसी पर लटकी हुई लाश मिली है। यह लाश सरकारी आवास में मिली है। पुलिस सूचना के बाद मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजा है। जानकारी के मुताबिक राघवेंद्र बहादुर सिंह भिलाई के रहने वाले थे और पिछले कुछ महीनों से फिंगेश्वर जनपद पंचायत में पदस्थ थे।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 13वीं किस्त के लिए खाताधारकों का आधार सीडिंग और लैंड सीडिंग करवाना अनिवार्य




रायपुर ,15 फरवरी 2023 (ए)।प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को 12 किस्त दी जा चुकी है। फरवरी महीने में यह तेरहवीं किस्त दिया जाना है। यह निधि की आगामी किस्त उन्हीं किसानों को दी जाएगी जिनका बैंक खाता का आधार सीडिंग और लैंड सीडिंग हो। कृषि विभाग ने प्रदेश के किसानों से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत सहायता प्राप्त करने के लिए अपने बैंक खातों में आधार सीडिंग एवं लैंड सीडिंग कराने का आग्रह किया है।

पीएम किसान सम्मान निधि के राज्य नोडल अधिकारी एवं कृषि विभाग के अपर संचालक एस.सी. पद्म ने बताया कि अब तक राज्य में आधार प्रमाणित 24 लाख 40 हजार 888 किसानों में से 21 लाख 77 हजार 961 के बैंक खातों में आधार सीडिंग हुआ है एवं 2 लाख 62 हजार 871 किसान शेष है। भारत सरकार द्वारा 13वीं किस्त का हस्तांतरण आधार आधारित किये जाने के निर्णय के फलस्वरूप किसानों के खाते में आधार सीडिंग नहीं होने की स्थिति में आगामी किस्त प्राप्ति में विलंब हो सकता है।

उन्होंने बताया कि आधार सीडिंग के कार्य के लिए जिस बैंक में किसान का खाता है अथवा एक से अधिक बैंक खाता धारक होने पर जिस बैंक खाते में योजना का लाभ प्राप्त करने का इच्छुक है उस बैंक शाखा में स्वयं उपस्थित हो कर आधार सीडिंग करवाना होगा। पद्म ने बताया कि इस कार्य के लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक जो डाक विभाग ; संचार मंत्रालय के तहत भारत सरकार के स्वामित्व वाली 100 प्रतिशत इक्विटी के साथ स्थापित है, के प्रस्ताव एवं भारत सरकार के निर्देशानुसार हितग्राही जिन्हें उक्त कार्य में समस्या का सामना करना पे रहा है अथवा किन्ही कारणों से अपने बचत खाते में आधार सीडिंग नहीं करवा पा रहे हैं, संस्था के माध्यम से योजनांतर्गत नवीन खाता खुलवा सकते हैं जिसमें संस्था द्वारा खाता प्रारंभ करने के साथ ही खाते का आधार सीडिंग और लैंड सीडिंग किया जावेगा।

अपर संचालक पद्म ने बताया कि योजनांतर्गत मापदण्डों के संबंध में अपनी स्थिति पता करने हेतु किसान अपने क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी/ विकासखण्ड स्तरीय कृषि कार्यालय/ जिला स्तरीय कृषि कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

उल्लेखनीय है कि किसान परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना दिसम्बर, 2018 से प्रारम्भ की गई है। इसके अंतर्गत योजनांतर्गत सभी वर्ग एवं श्रेणी के किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। पात्र किसानों को प्रतिवर्ष छह हजार रूपए, दो-दो हजार की तीन किस्तों में प्रदाय किया जाता है। योजनांतर्गत अद्यतन कुल 12 किस्तें जारी की जा चुकी हैं एवं 13वीं किस्त माह-फरवरी, 2023 में जारी किया जाना प्रस्तावित है। भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार पंजीकृत समस्त पात्र हितग्राहियों को आगामी किस्त प्राप्त करने हेतु अपने बैंक खातों का आधार सीडिंग और लैंड सीडिंग करवाना अनिवार्य है।

# इन हड़ताल कर्मियों को लेकर राज्य सरकार सख्त

### नोटिस-सेवा समाप्ति-मानदेय रोकने सहित 10 बिंदुओं पर सरकार के निर्देश



रायपुर ,15 फरवरी 2023 (ए)। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की हड़ताल को लेकर राज्य सरकार ने कड़ा रुख अपना लिया है। महिला बाल विकास विभाग की तरफ से सभी जिला कार्यक्रम अधिकारी और बाल विकास परियोजना अधिकारी को निर्देश जारी कर हड़ताल के संदर्भ में कड़े फैसले लेने के निर्देश दिए हैं।

निर्देश के तहत जिला स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के प्रतिनिधिमंडल को बुलाकर बातचीत करने और हड़ताल पर लौटने का अल्टीमेटम देने का निर्देश दिया है। 10 बिंदुओं पर जारी निर्देश में इस बात का भी उल्लेख है कि अगर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका हड़ताल पर अडिग रहते हैं तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए साथ ही उनके मानदेय भुगतान को रोकने का भी निर्देश दिया गया है।निर्देश के मुताबिक अगर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका हड़ताल से वापस नहीं लौटती है तो उनकी सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाए। यही नहीं इस बात का भी निर्देश दिया गया है कि जब आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने साल 2018 में आंदोलन किया था और हड़ताल से वापसी के बाद उनकी हड़ताल अवधि के मानदेय का भुगतान इसी शर्त पर हुआ था कि वह आगे इसकी पुनरावृति नहीं करेंगी।

जिस तरह के निर्देश राज्य सरकार की तरफ से जारी किए गए हैं। उसे इस बात का स्पष्ट संकेत मिल जाता है कि अगर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका ने अपने हड़ताल को खत्म करने की दिशा में कदम नहीं बढ़ाया तो आने वाले दिनों में राज्य सरकार कोई बड़ा कदम उठा सकती है।

# सात आरोपियों की सुनवाई 4 तक बढ़ी

रायपुर ,15 फरवरी 2023 (ए)। मनी लांड्रिंग और कोयले पर लेवी वसूली के मामले में गिरफ्तार सभी आठ आरोपियों की सोमवार को ईडी कोर्ट में पेशी हुई। उनकी आज तक की रिमांड अवधि खत्म हो रही थी।

मामले की सुनवाई न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में चल रही है। आज समीर विश्नोई, सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी, सुनील अग्रवाल, लक्ष्मीकांत तिवारी, एस एस नाग, संदीप नायक की सुनवाई 4 मार्च के लिए आगे बढ़ गई। वहीं दीपेश टांक की जमानत याचिका पर कल और सुनवाई होगी। और निखिल चंद्राकर ने अपने से मारपीट, बयान में जबरिया हस्ताक्षर करवाने की एफ्डिेविट पर भी सुनवाई होगी।

# आईईडी विस्फोट से आईटीबीपी का एक जवान हुआ घायल

### सर्चिंग में जवानों ने एक प्रेशर आईईडी भी बरामद किया

नारायणपुर,15 फरवरी 2023 (ए)। जिले के धनोरा थाना से जिला पुलिस बल एवं आईटीबीपी की संयुक्त टीम सर्चिंग के लिए आज बुधवार सुबह रवाना हुई थी। इस दौरान ओरछा जाने वाले मुख्य मार्ग पर धनोरा से एक किलोमीटर दूर जवानों को नुकसान पहुचाने के लिए नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट किया है। इस विस्फोट की चपेट में आईटीबीपी का एक जवान मनोज कुमार घायल हुआ है। घायल जवान का उपचार छोटेडोंगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। उसी इलाके में जवानों ने एक प्रेशर आईईडी भी बरामद किया गया है।

नारायणपुर एसपी पुष्कर शर्मा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि नक्सलियों ने आरओपी में निकले आईटीबीपी के जवानों पर आईईडी बलास्ट किया गया है जिसमें सभी जवान सुरक्षित है, एक जवान को मामूली चोट आई है। अतरिक्त टीम भेजी गई है, साथ में बीडीएस की टीम भी रवाना किया गया, सर्चिंग के दौरान एक प्रेशर आईईडी भी बरामद किया गया है।

# न्यूज एंकर की मर्डर का इस तरह खुला राज

### 200 रुपये वाले भाड़े के दोस्त के साथ मिलकर कर दी हत्या

जांजगीर,15 फरवरी 2023 (ए)। न्यूज एंकर की हत्या मामले में पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। युवती को अन्य युवक के साथ अफेयर के शक में दोस्त ने मौत के घाट उतारा था। इस वारदात में आरोपी के अन्य साथियों ने भी साथ दिया था।

दरअसल यू ट्यूब चैनल की न्यूज एंकर की घर पर संदिग्ध हालत में लाश मिली थी। पुलिस ने जब इस मामले में जांच शुरू की, तो पता चला कि घर में एक अन्य युवक मौजूद था, जो वारदात के बाद से गायब था। पुलिस ने इस मामले में तफ्तीश कर आरोपी युवक और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है।

आज एसपी विजय अग्रवाल ने प्रेस कांफ्रेंस कर वारदात का खुलासा किया। आरोपी युवक ने अपना हुलिया बदलने के लिए बाल कटवा लिये थे, ताकि पकड़ा नहीं जा सके। वारदात के बाद आरोपी हसौद, बिर्रा होते हुए तिल्दा गया और कवर्धा पंहुचा। इसके बाद वो रायगढ़ पहुंचा और फिर दाढ़ी और बाल कटवाकर अपनी पहचान बदली। गाँव के साथियो के साथ युवक मुंगेली आ रहा था, जहाँ उसको पकड़ा गया।



इससे पहले मंगलवार को शार्ट पीएम में युवती की हत्या का खुलासा हुआ था, जिसके बाद हत्या लूट का मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने चार टीम का गठन किया था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए रायगढ़, बिलासपुर और बलौदा बाजार टीम भेजी गयी थी। पुलिस को पहले से ही शक रोहन पांडु पर था, जिसके बाद संदेही रोहन पाण्डु तथा राजेन्द्र सूर्या को पुलिस हिरासत में लिया जाकर पुछताछ किया गया। पुछताछ के दौरान संदेहियों द्वारा अलग-अलग कहानी बताकर लगातार पुलिस को गुमराह किया जाता रहा। लेकिन जब पुलिस ने सख्ती की तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### 6 साल से आरोपी लड़की को जानता था

आरोपी रोहन पाण्डु मृतिका युवती को पिछ्ले 06 वर्षो से जानता है, और उनका घर आना जाना करता है। मृतिका युवती के द्वारा अन्य व्यक्ति से मोबाईल पर देर रात तक बातचीत करने की वजह से रोहन पाण्डु मृतिका को मना करता था। मृतिका युवती के मोबाईल पर घटना दिनांक से तीन चार पूर्व आरोपी रोहन पाण्डु किसी व्यक्ति का चैट भी देखा था जिस वजह से वाद विवाद किया था। आरोपी रोहन पाण्डु के द्वारा अपने मित्र राजेन्द्र के साथ मिलकर मृमिका युवती को सबक सिखाने की योजना बनाई गई थी। योजना के तहत दिनांक घटना को आरोपी रोहन व राजेन्द्र जांजगीर आये थे जहां आरोपी रोहन पाण्डु मृतिका युवती के घर जाकर एक होटल से खाना लाकर घर में खाना खाये।

मृतिका युवती के भाई के खाना में आरोपी रोहन के द्वारा नींद की गोली मिला दी गई थी। जिससे मृतिका का भाई बेहोषी की हालत में सो गया। आरोपी मृतिका के पास आकर पुनः किसी अन्य व्यकित से मोबाईल में बात करने पर वाद विवाद कर अपने साथी आरोपी राजेन्द्र सूर्या के साथ मिलकर युवती की गला दबाकर हत्या कर दिया आरोपियों के द्वारा मृतिका के घर से सोने चांदी के जेवरात, 03 नग मोबाईल, एवं स्कुटी लूट कर दोनों फरार हो गये थे। आरोपी रोहन पाण्डु फरार होने के पष्चात् अपने पहचान (हुलिया) छिपाने के लिये, रायगढ़ में जाकर अपना बाल भी कटवा लिया। आरोपियों के कब्जे से लूट की सम्पति सोने चांदी के जेवरात, मोबाईल एवं स्कुटी को बरामद कर लिया गया है।

# नर्सिंग की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### घटना स्थल से बरामद हुआ सुसाइड नोट

रायपुर ,15 फरवरी 2023 (ए)। एक बार फिर नर्सिंग की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। राजधानी रायपुर के चौबे कॉलोनी में 20 वर्षीय मोनिष्का शारोन का शव फंदे पर लटकता मिला। मृतक युवती नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। पुलिस को रूम से एक सुसाइड नोट भी मिला है। युवती मूलतः मुंगेली जिला के रहने वाली थी, अपनी पढ़ाई के चलते पीजी कॉलेज में दो रूममेट के साथ रह रही थी। पुलिस शव को बरामद कर पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।



### मानसिक दबाव में थी छात्रा

जानकारी की माने तो छात्रा पिछले कुछ दिनों से परिवारिक कारणों को लेकर मानसिक दबाव में थी। मिली जानकारी के अनुसार छात्रा के पिता और माता दोनों एक दूसरे से अलग रहते थी जिसके कारण युवती काफी परेशान रहती थी। दो दिन पहले ही छात्रा की मां से बात हुई थी, अब अचानक मौत की खबर सुनकर सदमे में है।

### सुसाइड नोट बरामद

घटनास्थल से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी प्राप्त हुआ है, जिसमें युवती ने मानसिक परेशानी के चलते ऐसा कदम उठाने के बात लिखी है। इसके अलावा पुलिस ने यह भी बताया कि छात्रा द्वारा खुदकुशी करने के बाद अपने चाहने वालों को शांति के साथ रहने की बात लिखी है। लेकिन किसी को भी अपनी मौत के लिए जिम्मेदार नहीं बताया है।

### जांच में होगा खुलासा

आजाद चौक थाना प्रभारी नितेश ठाकुर ने बताया कि मामले की जांच चल रही है शुरूआती जांच में घटना आत्महत्या प्रतीक हो रहा है आगे और संभावित एंगल से भी जांच किया जाएगा जिसके बाद ही मौत के पीछे का कारण का पता चल पाएगा।

# रायपुर में भी होगा कांग्रेस कार्यसमिति का चुनाव

### संचालन समिति की बैठक में 24 को होगा फैसला

रायपुर ,15 फरवरी 2023 (ए)।छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में होने वाले कांग्रेस महाधिवेशन में 26 साल बाद पार्टी में कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) के लिए चुनाव करने की बात सामने आई है। हालांकि, पार्टी के ज्यादातर नेता चुनाव के खिलाफ हैं। सूत्रों का कहना है कि अभी यह तय नहीं है कि कांग्रेस कार्यसमिति के लिए चुनाव होंगे या नहीं, क्योंकि इस बारे में अंतिम फैसला 24 फरवरी को रायपुर में होने वाली संचालन समिति की बैठक में होगा।



### 1250 एआईसीसी सदस्य शामिल होंगे महा अधिवेशन में

रायपुर महाधिवेशन में करीब 1250 एआईसीसी सदस्य हिस्सा लेंगे। इससे पहले कांग्रेस के करीब 1700 एआईसीसी सदस्य होते थे। इस बार पार्टी ने संख्या कम की है। ऐसे में माना जा रहा है कि सीडब्ल्यूसी के चुनाव को ध्यान में रखते हुए संख्या को कम किया गया है।

सीडब्ल्यूसी में 23 सदस्य होते हैं। इनमें से 11 सदस्यों को पार्टी अध्यक्ष नामित करते हैं जबकि 12 सदस्यों के लिए चुनाव कराए जाने का प्रावधान है। यदि संचालन समिति प्रस्ताव पारित कर अध्यक्ष को अधिकार सौंप देती है, तो इन सदस्यों को भी नामित किया जा सकता है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)